संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 13 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 215 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया, वोटिंग से भाग गए: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/हावड़ा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया। मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। पीएम ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के



रवैये और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। पीएम ने कहा कि

**विपक्ष निशाने पर**

8 मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है : पीएम मोदी

मानसून सत्र की शुरूआत से पहले होम मिनिस्टर अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

**देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया:** प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया।

## हरियाणाः प्रदेशवासियों को सीएम का 'मनोहर' तोहफा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ यमुनानगर**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के लोगों को 15 अगस्त के अवसर पर एक मनोहर तोहफा दिया है। इस तोहफे के तहत आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की आय -सीमा 1 लाख 80 हजार रुपए से बढाकर 3 लाख रुपए सालाना करने की घोषणा की गई है।

इसके अलावा, सीएम ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में प्रदेश की हर पंचायत का हिसाब-किताब खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) को रखना होगा। इससे पहले पंचायत स्तर का लेखा जोखा ग्राम सचिव ही देखता था। मुख्यमंत्री ने ये दो मुख्य घोषणाएं यमुनानगर जिला के गांव बकाना में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आज की हैं।

मुख्यमंत्री ने यमुनानगर जिला के गांव बकाना में जनसंवाद कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि 1 महीने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नई घोषणा से 8 लाख नए परिवारों के इस योजना में शामिल होने का अनुमान है। लाभार्थी परिवार को मात्र 1500 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देना होगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत चिरायु

**सौगात**

8 आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की आय सीमा 1 लाख 80 हजार रुपए से बढाकर 3 लाख सालाना की घोषणा

हरियाणा योजना में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज लेने वाले परिवारों की संख्या लगभग 38 लाख होगी। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 500 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। कई मायनों में जनसवांद कार्यक्रम लोगों को रास आ रहा है। जनसवांद कार्यक्रम उन लोगों के लिए एक आशा की किरण लेकर आया है जो वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में नाम शामिल करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर परेशान हो गए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार एक विशेष काउंटर लगाया गया है जहां पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते है और परिवार पहचान पत्र के डाटा से मिलान कर मौके पर ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में नाम शामिल होने का प्रमाण पत्र बनाते है।

**फास्ट न्यूज**

### प्रियंका गांधी पर बीजेपी ने कराया एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**क्राइम** ब्रांच में आवेदन देने पहुंचे प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, 'मप्र में चुनाव आते ही कांग्रेस रोज झूठ का सहारा ले रही है।' बीजेपी प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी भी मौजूद रहे। इंदौर में भी प्रियंका गांधी वाड्रा और कमलनाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे के नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ ने संयोगितागंज थाना और ईओडब्ल्यू विभाग से शिकायत की है। इसमें प्रियंका पर ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक पत्र के जरिए भ्रामक ट्वीट करने का आरोप लगाया गया है। कथित तौर पर ठेकेदार संघ ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के मुख्य न्यायाधीश को लेटर लिखकर 50% कमीशन मांगे जाने की शिकायत की है। कांग्रेस नेताओं के साथ प्रियंका गांधी ने इस लेटर को ट्वीट कर शिवराज सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा, 'मध्यप्रदेश की जनता 50% कमीशन वाली भाजपा सरकार को हटाएगी।' इससे पहले प्रियंका के इसी ट्वीट पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने लीगल एक्शन लेने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, 'दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने अपने केंद्रीय नेतृत्व से भी झूठ बुलवा दिया।'

प्रियंका गांधी ने शुक्रवार शाम ट्वीट किया। इसमें लिखा, 'मध्यप्रदेश में ठेकेदारों के संघ ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है कि प्रदेश में 50% कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है।

### खुदरा महंगाई दर छह फीसदी से ज्यादा रहने की आशंका

**नई दिल्ली। उपभोक्ता** मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई महीने में छह फीसदी से ज्यादा रहने की आशंका है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि सब्जियों और खाद्य पदार्थों की की कीमतों में उछाल से खुदरा महंगाई दर प्रभावित हो सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 14 अगस्त, सोमवार शाम 5 :30 बजे जुलाई के लिए खुदरा महंगाई दर का आंकड़ा जारी करेगा। जानकारों ने सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई में छह फीसदी से अधिक रहने की आशंका जताई है। जून महीने खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी रही थी।

# मोदी ने संत रविदास मंदिर की नींव रखी

= सागर जिले के बड़तूमा में 11 एकड़ में 100 करोड़ की लागत से बनेगा संत रविदास का मंदिर

**रविदास स्मारक**

8 आज करीब 90 वन उत्पाद को एमएसपी का लाभ मिल रहा है। कोई भी वंचित पिछड़ा नहीं रहे : पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/सागर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब हमारी आस्था पर हमले हो रहे थे, हमारी पहचान मिटाने के लिए पाबंदियां लगाई जा रही थीं, तब संत रविदास ने मुगलों के कालखंड में कहा था कि पराधीनता सबसे बड़ा पाप है। जो पराधीनता को स्वीकार कर लेता है, जो लड़ता नहीं है, उससे कोई प्रेम नहीं करता। एक तरह से उन्होंने समाज को गुलामी से लड़ने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान सागर के बड़तूमा में 100 करोड़ रुपये से



निर्मित होने वाले संत रविदास मंदिर के भूमिपूजन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में एनएचएआई की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 1582.28 करोड़ की लागत की दो सड़कों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही ढाई हजार करोड़ की लागत से बने कोटा-बीना रेलमार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रविदास ने दोहे में कहा था- ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ों सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न। आज हमने देश को इसी दिशा में ले जाने का प्रयास किया है। कोरोना के समय जब सारी व्यवस्थाएं चरमरा गईं। गरीबों के लिए लोग सोच रहे थे कि समाज का यह तबका कैसे रह पाएगा, तब मैंने सोचा था कि मैं अपने भाई-बहनों को भूखे पेट नहीं रहने दूंगा। मैं जानता हूं कि भूख क्या होती है, मैं आपके ही परिवार का सदस्य हूं।

**स्वास्थ्य के लिए सरकार कर रही काम:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए इंद्रधनुष अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। हम सिकल-सेल से मुक्ति के लिए अभियान चला रहे हैं। देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए काम हो रहा है। सबसे ज्यादा गरीब परिवार ही इन बीमारियों के शिकार होते थे। अगर इलाज की जरूरत होती है तो आयुष्मान योजना के जरिए अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। लोग कहते हैं कि मोदी कार्ड मिल गया है, पांच लाख रुपये तक का इलाज इससे मिलता है।

**हमारी सरकार पिछड़ों और वंचितों को दे रही सम्मान:** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज करीब 90 वन उत्पाद को एमएसपी का लाभ मिल रहा है। कोई भी वंचित पिछड़ा नहीं रहे। बिजली और पानी कनेक्शन भी मुफ्त दिया जा रहा है। एसटी-एससी समाज के लोग आज अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं। सागर एक ऐसा जिला है जिसकी पहचान लाखा-बंजारा जैसे वीर से भी होती है। उन्होंने सबसे पहले पानी की अहमियत को समझा।
f

### संत रविदास भारत को जोड़ने वाले संत थे: शिवराज

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड व सागर के लिए सौभाग्य का दिन है कि प्रधानमंत्री यहां आए हैं। रविदास जयंती के दिन सागर के बड़तूमा में मंदिर बनाने का निर्णय लिया था। यहां उनका दिव्य एवं भव्य मंदिर बनने वाला है। वह भारत को जोड़ने वाले संत थे। कोई छोटा नहीं, बड़ा नहीं। भक्ति कैसे करें, कर्म कैसे करें- उसका संदेश दिया। आने वाली पीढ़ियां भी संत रविदास महाराज के संबंध में जानेंगी और उनके बताए मार्ग पर चलेंगी। उनके बताए मार्ग पर प्रधानमंत्री भी चल रहे हैं।

## दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 विधेयक कानून बने



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद** के मानसून सत्र में पास हुए दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 बिलों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। शनिवार को केंद्र सरकार ने इनका गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया, जिसके बाद चारों बिल कानून बन गए। इन बिलों में गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टैरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) एक्ट, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, द रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ बिल और जन विश्वास बिल शामिल हैं।

अब, डेटा प्रोटेक्शन बिल के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर न्यूनतम 50 करोड़ रुपए से लेकर अधिकतम 250 करोड़ रुपए तक का

**मंजूरी**

8 दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग केंद्र को मिली, डेटा उल्लंघन पर 250 करोड़ तक का जुर्माना

जुर्माना लगेगा। वहीं, दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार केंद्र को मिल जाएंगे। नए कानून के तहत नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी बनाई गई है। इसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और होम डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी इसके अन्य दो सदस्य होंगे।

### रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड, मलबे में दबी कारें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग में शुक्रवार को हुए लैंडस्लाइड में पांच लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा केदारनाथ यात्रा रूट पर हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर गिरने से एक गाड़ी उसमें दब गई। 12 घंटे की मशक्कत के बाद मलबे को हटाया गया। शनिवार को गाड़ी में पांच शव मिले। ये सभी गुजरात से केदारनाथ यात्रा करने आए थे। उधर चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर मंडी के छह मील में शुक्रवार देर शाम चलती ऑल्टो कार पर पत्थर गिरने से पांच साल के मासूम की मौत हो गई।

## जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे: अधीर रंजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** से सस्पेंड कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर लोकसभा से सस्पेंशन वापस नहीं हुआ तो जरूरत पड़ने पर वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से सस्पेंड कर दिया गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधीर रंजन चौधरी ने कहा, यह एक नई घटना है जिसे हमने संसद में अपने करियर में पहले कभी अनुभव नहीं किया है। यह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सत्ताधारी दल



की तरफ से जानबूझकर किया गया है। यह संसदीय लोकतंत्र की भावना को कमजोर कर देगा। अधीर के सस्पेंशन के खिलाफ प्रस्ताव को लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। अधीर रंजन के सस्पेंड होने के बाद शुक्रवार को लोकसभा में मानसून सत्र के आखिरी दिन विपक्षी इंडिया सांसदों ने हंगामा मचाया और सदन से वॉकआउट किया।

**खड़गे ने कहा कि सस्पेंशन सही नहीं:** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधीर रंजन चौधरी का बचाव किया। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए 'नीरव मोदी' शब्द का इस्तेमाल करने पर उनकी पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी का लोकसभा से सस्पेंशन सही नहीं है, क्योंकि 'नीरव' का मतलब 'शांत' होता है।

**विरोध**

8 संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से सस्पेंड कर दिया गया

## श्रीनगर में एडवांस्ड फाइटर मिग-29 तैनात

नाइट विजन और लॉन्ग रेंज मिसाइलें लगाईं, हवा में ईंधन भर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**इंडियन** एयरफोर्स ने श्रीनगर एयरबेस पर मिग-29 फाइटर जेट के स्क्वाड्रन को तैनात किया है। डिफेंडर ऑफ द नॉर्थ कहा जाने वाला यह स्क्वाड्रन मिग-21 फाइटर जेट के स्क्वाड्रन की जगह लेगा। श्रीनगर एयरबेस चीन और पाकिस्तान के करीब है, इसलिए यहां मिग-29 की तैनाती अहम है। ये फाइटर जेट अब पाकिस्तान



और चीन से आने वाले खतरों का जवाब देंगे। श्रीनगर में तैनात किए गए मिग-29 अपग्रेड किए गए हैं और मॉर्डन फीचर्स से लैस हैं। इनमें लंबी दूरी की एयर-टु-एयर मिसाइलें, नाइट विजन, एयर-टु-एयर रिफ्यूलिंग समेत कई नए फीचर्स जोड़े गए हैं।

**लद्दाख में भी तैनात हैं मिग-29 फाइटर जेट:** 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ टकराव होने के बाद लद्दाख सेक्टर में भी मिग-29 तैनात किए गए थे।

## 'मणिपुर में सर्जिकल स्ट्राइक करा दें'

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**संसद** के मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा का मुद्दा छाया रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव पर अपने जवाब 2 घंटे 12 मिनट के भाषण में 1 घंटे 32 मिनट बाद मणिपुर का जिक्र किया। इसके अगले दिन यानी 11 अगस्त को राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आर्मी मणिपुर में जारी हिंसा को दो दिन में खत्म कर सकती है। अब राहुल के बयान पर भाजपा नेताओं ने जमकर निशाना साधा। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता रामेश्वर सिंह ने कहा कि राज्य में सर्जिकल स्ट्राइक करा देनी चाहिए। वहीं, पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी ये चाहते हैं कि आर्म्ड फोर्सेस वहां नागरिकों पर गोली चलाएं? राज्य के हालात सुधारने के लिए सबसे असरदार कदम यही होगा कि यहां सर्जिकल स्ट्राइक करा दी जाए। राज्य में अवैध प्रवासी रह रहे हैं।

**पूंजी सुरक्षित** हर निवेशक यूपी आना चाहता है, अधिकाधिक निवेश करना चाहता है: सीएम योगी आदित्यनाथ

## यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में निवेश दूर की कौड़ी थी। लचर कानून व्यवस्था के चलते लोग यहां उद्योग लगाने, कारोबार करने में डरते थे। जब उद्यमी और व्यापारी ही सुरक्षित नहीं थे तब उनकी पूंजी कैसे सुरक्षित रहती। बाहर से निवेशकों का यहां आना तो दूर, यहां के उद्यमी-व्यापारी भी भाग रहे थे। पर, छह सालों में यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी है। हर निवेशक यूपी आना चाहता है, अधिकाधिक निवेश करना चाहता है। फरवरी में ग्लोबल



इन्वेस्टर्स समिट में मिला 36 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव इसका प्रमाण है। सीएम योगी शनिवार को गीडा सेक्टर 26 में मेसर्स केयान डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड के 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाले एथेनाल व ईएनए प्लांट का भूमिपूजन व शिलान्यास करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह साल पहले सपा-बसपा की सरकारों में यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था। यहां के नौजवानों को देश में कोई ठौर ठिकाना नहीं मिलता था। दूसरे राज्यों में लोग किराए पर मकान नहीं देना चाहते थे। हॉस्टल मिलने में दिक्कत होती थी। उसे पहचान छुपाने को मजबूर होना पड़ता था। आज नौजवानों के सामने पहचान का कोई संकट नहीं। वह शान से खुद को यूपी वाला बताता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर 10 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था लेकिन यूपी में निवेश के प्रति बढ़े आकर्षण से 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इस निवेश से एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार की सुविधा मिलेगी।

**शिलान्यास**

8 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाले एथेनाल प्लांट का भूमिपूजन व शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने

## बॉर्डर विवाद: भारत-चीन की 19वें राउंड की बातचीत 14 अगस्त को

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**

**भारत** और चीन के बीच जारी बॉर्डर विवाद को लेकर 19वें राउंड की मीटिंग पूर्वी लद्दाख सेक्टर के चुशुल-मोल्दो मीटिंग पॉइंट पर 14 अगस्त को होगी। कोर कमांडर लेवल की मीटिंग भारत की तरफ से की जा रही है। चार महीने पहले इसी मसले पर 18वें राउंड की मीटिंग हो चुकी है, लेकिन कुछ खास नतीजा नहीं निकला। भारत के सैन्य अधिकारी इस मीटिंग में देपसांग और डेमचोक से सेना हटाने पर जोर दे सकते हैं। देपसांग प्लेन्स में चीन ने पिछले कई महीनों से भारतीय पेट्रोलिंग को ब्लॉक किया हुआ है। चीन हमेशा देपसांग मैदान और चार्डिंग निंगलुंग नाला से सेना को हटाने की मांग को खारिज करता रहा है। अब देखना होगा कि सैन्य अधिकारियों के बीच बैठक में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को हटाने के भारत के प्रस्ताव पर चीन की प्रतिक्रिया क्या होगी।

**बैठक का नेतृत्व 14-कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली करेंगे:** अगले हफ्ते चीन के साथ होने वाली बैठक का प्रतिनिधित्व भारत की तरफ से 14-कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली करेंगे। साथ ही विदेश मंत्रालय और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं, चीनी पक्ष से अगुआई साउथ शिनजियांग मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट चीफ करेंगे।

**उम्मीद**

8 19वें राउंड की मीटिंग पूर्वी लद्दाख सेक्टर के चुशुल-मोल्दो मीटिंग पॉइंट पर 14 अगस्त को होगी

# करसोग कॉलेज में गूंजे देश भक्ति के तराने, देश के लिए शहीद होने वाले वीरों को किया गया याद

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**करसोग** कॉलेज में उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सौजन्य से मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मिट्टी को नमनएवीरों का वंदन विषय पर एक दिवसीय देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान के उपलक्ष्य में जिला के चुनिंदा कलाकारों ने देश भक्ति के तरानों से इस कार्यक्रम में छात्रों, अध्यापकों, अभिभावकों और युवाओं में जोश भर कर वीर सपूतों को नमन किया। कार्यक्रम का संयोजन व मंच संचालन करते हुए विख्यात संस्कृति कर्मी व मंच संचालक कुलदीप गुलेरिया



ने अमर शहीदों,स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की कुर्बानियों के समर्पण को याद कर पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा, मेरे वतन के लोगों, कर चले हम फि दा जानो तन साथियों, जहां डाल डाल पर सोने की चिडिया करती है बसेरा, मेरा रंग दे बसंती चोला आदि देश भक्ति गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा। कलाकार कर्मा, पंकज, रजनी, विनम्रता और दीक्षा के साथ ढोलक पर रवि कुमारए कीबोर्ड पर सागर की उंगलियों का कमाल भी देखने को मिला। इस अवसर पर गुलामी की मानसिकता को जड़

**देशभक्ति**

**8 स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की कुर्बानियों के समर्पण को याद कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंगा**

से निकाल फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने तथा देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करना व भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का सपना साकार करने के लिए शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में छात्रों युवाओं महिला मंडल, पंचायत प्रतिनिधियों ने देश भक्ति के तराने गाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। देशभक्ति से जुड़े इस कार्यक्रम में अपने संदेश में कॉलेज प्रधानाचार्य गुलशन महाजन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं व प्रदेश के लोगों में देश व प्रदेश के प्रति देशभक्ति की भावना को जागृत करते हैं।

उन्होंने कहा हर कॉलेज व स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि बच्चों को देशभक्ति और मातृभूमि की रक्षा के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत ममेल नारायण सिंह ठाकुर, प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय करसोग गुलशन महाजन, पंकज गुप्ता सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की जिला में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**जिला** में भारी बारिश एवं आपदा से क्षतिग्रस्त ग्रामीण सडकों की बहाली के लिए 3 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है ताकि सेब सीजन के मध्यनजर इन सडकों को प्राथमिकता के आधार पर खोला जा सके। यह बात उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गत दिवस को जिला में राहत एवं पुनर्वास के संदर्भ में समस्त उपमंडल दण्डाधिकारीयों के साथ वीडियो कांफ्रे ंस के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उपायुक्त ने कहा कि जिला में सेब सीजन के मद्देनजर ग्रामीण सडकों की बहाली अत्यंत आवश्यक है ताकि बागवानों को इस दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संदर्भ में उन्होंने सभी एसडीएम को जिला में ग्रामीण



क्षेत्रों की सडकों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के निर्देश दिए ताकि बागवान अपने उत्पाद को मंडियों तक आसानी से पहुंचा सके।बैठक में आवास निर्माण एवं मरम्मत हेतु सहायता एवं अन्य मदो के अंतर्गत धनराशि की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सभी उपमंडल दण्डाधिकारियों से पूरी तरह से एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त भवनों की विस्तृत जानकारी हासिल की।उन्होंने सभी उपमंडल दण्डाधिकारीयों से जिला सडक, बिजली एवं पानी आपूर्ति की स्थिति का भी जायजा लिया तथा उनके जल्द बहाली के संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों के समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हम सभी को और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है ताकि जिला के नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा, समस्त उपमंडल दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नाहन के एक दर्जन से अधिक गांव की सड़कें डेढ़ महीने से बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिंदा** मुख्यालय नाहन के साथ जुड़ी पंचायत के जलापड़ी धार क्यारी सहित एक दर्जन से अधिक गांव पिछले डेढ़ माह से सडक से महरूम है। भारी बरसातों के बाद ध्वस्त हुई बनोग धार क्यारी सडक प्रशासन की अनदेखी का शिकार बनी हुई है। क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने



विधायक और संबंधित विभाग को कई बार गुहार लगाई गई है मगर सडक को फिर से आवाजाही हेतु बहाल करने को लेकर कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों में शामिल कमरेंद्र थापा, राजेंद्र गुरु, अनिल ठाकुर, ऋ तिक ठाकुर साहब दर्जनों लोगों ने विधायक और प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक को जल्द से जल्द कीचड़ और सडक पर आए भारी मलबे से निजात दिलाई जाए। गांव के लोगों का कहना है कि सडक सुविधा के दुरुस्त न होने के चलते गांव के लोगों को मरीज को लाने ले जाने सहित विभिन्न विभागों में आने.जाने के लिए भी भारी दिक्कत हो रही है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि यह सडक जल्द बहाल नहीं होती है तो उन्हें सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### नालागढ़ में दोहरे हत्याकांड ने खोली लचर कानून व्यवस्था की पोल: बलदेव तोमर

**टीम एक्शन इंडिया/ नहान/ सोलन/एसपी जैरथ/मनीष। प्रदेश** में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसलें बुलंद हैं। हत्यारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर फ रार हो गये, पुलिस कहां थी? प्रदेश के सीमावर्ती इलाके जहाँ प्रदेश का बहुत बड़ा उद्योग जगत स्थापित हैं वहां हर तरफ माफि या हावी हैं। प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा उद्योग मंत्री हर्षवर्धन जो जनता को



जवाब दे कि प्रदेश में उद्योग कि ओर कैसे आकर्षित होगा जबकि वहां सुरक्षा की कोई गारंटी नही हैं। उद्योगों का पलायन हो रहा हैं, नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्र में सरेआम दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारे तलवार-चाकू लेकर प्रदेश में आए और दो लोगों की सरेआम हत्या को अंजाम देकर भाग गए। पुलिस पर मृतक के परिजनों ने मामले में की सही तफ्तीश न करने का आरोप लगाया। हर बार पुलिस पर लापरवाही और माफि याओं के साथ सख्ती न करने के आरोप लग रहे हैं।

### कांगडा के वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। बैजनाथ** से चंडीगढ बस में जा रहे कांगड़ा के एक वृद्ध की झलेड़ा पहुंचने पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान देसराज पुत्र वरखिंद्र राम निवासी कांगड़ा के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक देसराज निवासी कांगड़ा शनिवार को बस में सवार होकर पटियाला जा रहा था। झलेड़ा पहुंचने पर देसराज की तबीयत खराब हो गई। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचने पर देसराज को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं एसपी ऊना अर्जित सेन ने कहा कि पुलिस ने वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। साथ ही परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# 'तबाही का मंजर ऐसा कि देखा न जा सके': डा. राजीव बिंदल

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ
जिला सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र में सिरमौरी ताल गांव में आफ त के रूप में बरसा पानी (बादल फ टा)] 100-100 फुट लम्बे साल के पेड़ जड़ों से उखडकर 1-1 किलोमीटर दूर तक पहुंच गए। मकानों से भी बडी चट्टानें पानी में बह कर पक्के घरों को अपने साथ बहा कर ले गई। जहां आलीशान मकान हुआ करते थे वे दलदल में तबदील हो गए, जहां लहलहाती फ सलें होती थी वे पत्थरों के ढेर में बदल गई। शायद 4 सदी बाद ऐसा भयावह द्दष्य सिरमौरी ताल में पैदा हुआ होगा। 402 वर्ष पहले सिरमौर रियासत की राजधानी थी सिरमौरी



ताल और वह राजधानी किसी प्राकृतिक आपदा से खण्डरों में तबदील हो गई थी जहां से महाराजा ने नाहन की और रूख किया व नाहन सिरमौर रियासत की राजधानी बनी। आज दोबारा 4 सदी बाद यह आफत आई। एक ही परिवार के 5 सदस्य जमींदोज हो गए, कुलदीप, जीतो देवी, रजनी व दो मासूम बच्चे- नितेश 12 वर्ष व दीपिका 10 वर्ष, सिर्फ जीवित रहा तो रजनी का पति विनोद।

# भूपेंद्र शर्मा बने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान

## पीसी मस्ताना की देखरेख में सौहार्दपूर्ण संपन्न हुए चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
**गैर शिक्षक** कर्मचारी संघ जिला सोलन के चुनाव खंड अधिकारी कुनिहार के सभागार में शनिवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी पीसी मस्ताना व मोहन भारद्वाज की देखरेख में हुए इस चुनाव में अधीक्षक ग्रेड-2 भूपेंद्र शर्मा को प्रधान चुना गया जबकि जेओए आईटी लीलादत शर्मा महासचिव बनाए गए। चुनाव में जिला के आठ खंडों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। चुनाव प्रक्रिया सौहादपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिसमें कर्मचारियों को तीन वर्ष के



लिए निर्विरोध चुना गया। प्रधान महासचिव के अतिरिक्त अधीक्षक ग्रेड-2 हरीश गर्ग को वरिष्ठ उप-प्रधान, अधीक्षक ग्रेड-2 धनीराम को उप प्रधान, अधीक्षक ग्रेड-2 जितेंद्र शर्मा सह-सचिव, अधीक्षक ग्रेड-2 हुकमचंद को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी चुने हुए पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि त्रिलोक ठाकुर को प्रदेशाध्यक्ष के पद पर देखना चाहते है। जिला सोलन गैर शिक्षक कर्मचारी संघ उनके साथ चट्टान की तरफ खड़ा है। नवनियुक्त प्रधान भूपेंद्र शर्मा व महासचिव लीलादत शर्मा ने कहा की संघ की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। संघ की समस्याओं को समय-समय पर सरकार के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही संघ बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सके इसके लिए दिन रात मेहनत की जाएगी।

# डाक मंडल मंडी के सभी मुख्य डाकघर आज राष्ट्रीय ध्वज बिक्री के लिये रहेंगे खुले

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**भारतीय** डाक मंडल मंडी के सभी मुख्य डाकघर 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज बिक्री के लिये खुले रहेंगे। प्रदेश के 2800 डाकघरों में हर घर तिरंगा के तहत सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, विभागों, मंडलों, हर गांव तथा हर घर तिरंगा फ हराने के लिए बिक्री के लिए पांच लाख राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाए गए है। यह जानकारी



भारतीय डाक विभाग के मंडी मंडल मंडी के प्रवर अधीक्षक स्वरूप दत शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि मंडी मंडल के सभी मुख्य व उप डाकघरों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज बिक्री के लिए उपलब्ध है जिसकी कीमत 25/-रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज हर घर तक पहुंच सके को सुनिश्चित करने के लिए तिरंगा बिक्री हेतु मंडी डाक मंडल के चारों मुख्य डाकघर मंडी, सुंदरनगर, कुल्लू व लाहौल स्पीति के केलांग रविवार 13 अगस्त को खुले रहेंगे। सभी नागरिकों की सुविधा के लिए यह रविवार डाकघर खुले रहेंगे ताकि सभी छुट्टी वाले दिन भी रास्ट्रीय ध्वज आसानी से प्राप्त कर सके।

# जिला में चिट्टे संगत तीन युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। जिला** पुलिस ऊना में लगातार चिट्टे को लेकर कड़ी कार्रवाई कर कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने जिला के उपमंडल अंब व हरोली में तीन युवकों को चिट्टे संग काबू किया हैं, जिससे पुलिस ने 6.55 ग्राम चिट्टा बरामद किया हैं। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पहला मामला उपमंडल अंब के शिवपुर का हैं, जहां पर अंब पुलिस ने शुक्रवार देर रात्रि गश्त के दौरान अफताब हुसैन निवासी कुठेड़ा को चिट्टे संग काबू किया हैं। पुलिस ने युवक से 1.48 ग्राम चिट्टा बरामद

# यात्रा के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने उत्तरी भारत की प्रसिद्ध, पांच कैलाशों में से एक, श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए स्वयं हड़सर से डल झील तक स्थानीय प्रशासन के साथ पैदल यात्रा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर, एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोबेशनर अधिकारी इशांत जसवाल सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने यात्रा के दौरान विभिन्न स्थलों पर लगाए जाने वाले लंगरों, ठहरने के स्थानों, पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, सार्वजनिक शौचालयों, सडक मार्गो सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ में उन्होंने डल झील, गौरी कुंड, सुंदरासी, धन्छौ आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरांत उपायुक्त ने भरमौर में स्थानीय प्रशासन के साथ श्री मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन को लेकर बैठक भी की। बैठक में उपायुक्त ने मणिमहेश यात्रा की व्यवस्थाओं के उचित प्रबंधन को लेकर विभागों को तय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में हडसर से श्री मणिमहेश तक पैदल यात्रा की समीक्षा करते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को श्रद्धालुओं के पैदल रास्ते को तय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने और रास्ते पर विश्राम स्थल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की व्यवस्था को लेकर हडसर से धन्छौ तक पेयजल व्यवस्था और शौचालय के लिए पानी की व्यवस्था को सुचारू करने के लिए जल शक्ति विभाग को निर्देशित किया।

# 'आपदा के समय रेस्ट हाउस में आराम फरमा रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**प्रदेश** में बारिश से उत्पन्न आपदा की स्थिति व हिमाचल की आर्थिकी सेब को लेकर सरकार कितनी गंभीर हैं यह एक यक्ष प्रशन हैं ये बात भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कही। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक महीने से ज्यादा का वक्त हो गया परंतु न किसी मंत्री न मुख्यमंत्री ने सेब बाहुल्य क्षेत्र ठीयोग कुमारसैन कि समस्याओं को गंभीरता से लिया हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खु के दौरे को



महज खानापूर्ति करार दिया हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो किसी ने इस क्षेत्र कोई सुध नही ली जब नेता प्रतिपक्ष उस क्षेत्र में पहुंचे तो उसके बाद मात्र औपचारिकता पूरी करने के लिए हवाई उडाने भरते रहे। मै पूछना चाहता हूँ मुख्यमंत्री से यदि आपको लोगों की इतनी चिंता थी तो आप क्या एक दिन वहीं रुक कर लोगों की सुध नही ले सकते थे।

पूर्व सरकार पर हर समय हेलीकाप्टर पर हमलावर रहने वाली कांग्रेस आज खुद क्या कर रही हैं। आपदा के समय आप लोगों से मिलने के बजाए सरकारी रेस्ट हाउस में आराम फ रमाते रहे और शाम होते ही ओकओवर की ओर चल पड़े। उन्होंने कहा कि आज सडकों की हालात इतनी खराब हैं कि सेब मंडियों में न पहुँच कर नालों में बहाना पड़ रहा हैं तो सरकार दवाब की राजनीति खेल कर उनलोगों को डरा धमका रही हैं।

उन्होंने सरकार को चेताया कि आप अपनी आरामपरस्ती व गैरजिम्मेदाराना व्यवहार को छोड़ कर सडकों व सेब के विषय को गंभीरता से लें क्यूंकि यह प्रदेश कि आर्थिकी से जुडा मामला हैं। इसको हलके में ले कर सरकार जल्द इस विषय को हल करें।

# माता रानी के दर्शनों पर शुल्क लगाने से श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही: खन्ना

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा** प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना से भारतीय सनातन धर्म महावीर दल का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल स्थित माता चिन्तपूर्णी जी के दरवार में माथा टेकने पर लगाए गये 1100 रुपए शुल्क को हटाने एवं मंदिर अधिकारी के स्थान पर मुख्य सेवादार लगाने हेतू मिला और एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने निवेदन किया की गत दिनों माता चिन्तपूर्णी जी के दरवार में लिफ्ट के माध्यम से माथा टेकने वाले भक्तों पर हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने 1100 रुपए शुल्क लगाया है। जो

**मांग**

**8 मंदिर अधिकारी के स्थान पर मुख्य सेवादार लगाने हेतू मिला और एक ज्ञापन भी सौंपा**

कि भक्तो की आस्था, श्रद्धा पर राज्य सरकार और प्रबंधक इकाई का आघात है, जिसे किसी भी कीमत बर्दास्त नहीं किया जा सकता। जबकि राज्य सरकार माता के दरवार में आने वाले श्रद्धालुओं के कारण भारी राजस्व प्राप्त होता है फि र भी सरकार का तानाशाही रवैया समझ से बहार है। देव भूमि में सनातन धर्म से सम्बंधित और भी दर्जनों धार्मिक स्थल है। हमें अंदेशा है कि सरकार को यदि यही नहीं रोका गया तो सरकार वहां भी किसी न किसी रूप में ऐसा जजिया लगाने से पीछे नहीं हटेगी। हम आपके माध्यम से चाहते है कि हमारी प्रार्थना हिमचाल प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा के नेताओं तक जोरदार ढंग से पहुंचाई जाये तांकि सरकार तुगलकी फ रमान मजबूर होकर वापिस ले। हम आपके माध्यम से चाहते है कि जो मन्दिर प्रबंधक को मंदिर अधिकारी कहा जाता है। उसे मुख्य सेवादार और सेवादार का पद दिया जायेए क्योकि सिद्ध पीठ और मंदिर का कोई अधिकारी नहीं हो सकता इससे शद्धलुओं की भावनाएँ आहत होती है। यदि सरकार से प्रबन्ध नहीं किया जाता तो हिन्दू मंदिरो को हिमाचल सरकार आजाद कर हिन्दुओं के सपुर्द करें तांकि हिन्दू अपने मंदिरों का प्रबंधन खुद अच्छे ढंग से कर सके। इसको लेकर अविनाश राय खन्ना ने हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक पत्र लिखा जिसमे खन्ना ने निवेदन किया की इस पत्र के साथ संलग्न ज्ञापन मुझे भारतीय सनातन धर्म महावीर दल के पदाधिकारीयों की तरफ से प्राप्त हुआ है जिसमें बताया गया है कि हिमाचल सरकार द्वारा माता चिंतपूर्णी के दरबार में लिस्ट के माध्यम से माथा टेकने पर 1100 रुपए का शुल्क लगाया जा रहा है। मान्यवर, जैसे कि आपको ज्ञात है कि पंजाब सहित देश के सभी राज्यों से लाखों की संज्या में श्रद्धालु माता रानी के दरबार में माथा टेकने हिमाचल प्रदेश में आते हैं। श्रद्धालुओं के हिमाचल आने से यहां की सरकार को राजस्व प्रात्त होता है, ऐसे में लिफ्ट के माध्यम से माता रानी के दर्शनों पर शुल्क लगाने से श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही है। साथ संलग्न पत्र में माता रानी के दरबार में नियुक्त किए गए मंदिर के मुज्य प्रबंधक या अधिकारी के पद को मुज्य सेवादार का पद घोषित करने की भी मांग की गई है।

# यूरोकिड्स कोटलानाला ने किया एनुअल एक्जीबीशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
**गत दिवस को** यूरो किड्स प्ले एनुअल एक्जीबीशन स्कूल का आयोजन किया इस आयोजन के तहत 1 स्कूल के सभी बच्चे अपने माता पिता के सौजन्य से विषयों पर मॉडल बना कर लाये। स्कूल से दिये गये असिस्टेंट कमिश्नर टू डिप्टी कमिश्नर मिस स्वाति गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज सीमा बहल व कोआडीर्नेटर मिसेज भव्या के साथ एक्जीबीशन का निरीक्षण किया और विजेताओं का निर्णय दिया। उन्होंनें बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडल्स की बहुत सराहना की



मॉडल्स के विषय इस प्रकार हैं। 1. हेल्दी फू ड 2. मीन्स आफ ट्रासपोर्ट 3. पैट एंड वाइल्ड एनीमल 4. माय फैमिली विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं। फ र्स्ट-शिवोम, गौराश, इनाया, युवराज सेकेण्ड-शिवेन, गैतिक, अवि सिंह, विक्न, विवान, शर्मा थर्ड-शिवन्या, युवान, वैदेही, सरिक, आविक, देवर्ल, रियांशी इस मौके पर सभी पेरेन्टस उपस्थित थें उन्होंने बच्चों की मेहनत की बहुत प्रशंसा की।

# युवा नशे से रहें दूर: बंत सिंह चंदेल

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित खंड स्तरीय अंडर फ ोर्टीन खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ में प्रमुख समाज सेवी व पूर्व कांग्रेस के महासचिव व पूर्व में रहे रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी सदस्य तथा पूर्व में कई वर्षो तक रहे बैरी पंचायत प्रधान बंत सिंह चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि की। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज महाजन व विद्यालय प्रबंधन समिति, स्कूल स्टाफ सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मुख्यातिथि बंत सिंह चंदेल का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख व्यवसायी व समाजसेवी बंत सिंह चंदेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भी युवाओं को खेलों में भाग



लेने व नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और कई कारगर योजनाएं खिलाड़ियों के लिए क्रियान्वित की है जिनकी बदौलत आज हमारे खिलाड़ी प्रदेश, देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़े युवा अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बड़ी कुशलता से करते हैं। खेल हमें सकारात्मक रहते हुए कई प्रकार की समस्याओं और संकटों ने निपटने का गुर सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से टीम भावना का जो गुण विकसित होता है उससे व्यक्ति कभी विषाद को उपलब्ध नहीं होता। खेलकूद में कभी किसी की हार नहीं होती, अनुशासन व खेल भावना से खेलने वाले खिलाडियों की हमेशा जीत होती है। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने

**आह्वान**


8 आज न केवल शिक्षा बल्कि खेलकूद में भी युवा अपना शानदार करियर बना सकते हैं: बंत सिंह चंदेल

वाले युवा को जीवन में सफलता जरूर मिलती है। समय के साथ धारणा बदल रही है, आज न केवल शिक्षा बल्कि खेलकूद में भी युवा अपना शानदार करियर बना सकते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज महाजन, पंचायत प्रधान सतीश कुमार एएचपी पुलिस सेवा से सेवानिवृत रतन लाल शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति, स्कूल स्टाफ सहित स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# सुक्खू सरकार के मंत्रीग[]जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह लोकतंत्र में अवांछनीय: डॉ राजीव

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि वर्तमान सरकार कांग्रेस पार्टी की सरकार, सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार के मंत्रीगण जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह लोकतंत्र में अवांछनीय है, अनापेक्षित हैं। अनिरूद्ध सिंह, मंत्री द्वारा भाजपा के वरिष्ठ विधायक बलवीर वर्मा पर की गई टिप्पणी अमर्यादित है और लोकतंत्र के उपर सीधा हमला है। अनिरूद्ध सिंह का यह कहना कि बलवीर वर्मा भीख का कटोरा लेकर मुख्यमंत्री के साथ घूमते रहे, यह अपमानजनक शब्द है। भाजपा इन शब्दों की कड़ी निंदा करती है। बलवीर वर्मा को चैपाल की जनता ने बहुमत



देकर चुना है और चैपाल की जनता के अधिकारों की लड़ाई लडना उनका धर्म है और वह अपने धर्म का पालन कर रहे हैं और इसी नाते मुख्यमंत्री जी के प्रवास के दौरान जनता की भलाई के लिए वे मुख्यमंत्री के साथ गए और उन्हें जाना भी चाहिए।

डॉ. बिन्दल ने मुख्यमंत्री से पूछे यह सवाल मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या वे सिर्फ कांग्रेसियों के मुख्यमंत्री है? क्या कांग्रेसी विधायकों के विधान सभा क्षेत्र ही हिमाचल के हिस्से हैं? कि क्या भाजपा व अन्य दलों के विधायक जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के वह मुख्यमंत्री नहीं है? यदि कोई राशि सरकारी खजाने से विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री या सरकार आबंटित करती है तो वो जनता के लिए भीख है? डॉ. बिन्दल ने कहा कि उक्त स्पष्टीकरण निश्चित अवधि में जनता को प्राप्त होना चाहिए। डॉ.बिन्दल ने अनिरूद्ध सिंह की इस ओछी हरकत पर उन्हें सलाह दी कि वे बलवीर वर्मा के प्रति की गई अवांछनीयए अभद्र टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त करें।

## न्यूज फ्लैश

### सैनिक परिवार के सम्मान की रक्षा न कर सके जो वह भाजपा 'शहीद सैनिकों' का क्या करेगी सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ। हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग केजिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त ने कहा कि यद्यपि कांग्रेस पार्टी सेना, केन्द्रीय सुरक्षा बलों के शहीदों, सेवारत व पूर्व सैनिकों, वीर नारियों का सदैव पूर्ण सम्मान करती आई है। लेकिन भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों को मुद्देनज? रखते हुए इस 13 अगस्त को पंचायत स्तर पर जो शहीद सैनिक सम्मान कार्यक्रम रखे हैं वह पूरी तरह से असल में राजनीति से प्रेरित हैं और पूर्व सैनिकों से वोट छलने का एक निमित प्रयास मात्र के सिवा कुछ भी नहीं है। जिसे अब प्रदेश के सभी पूर्व सैनिक व सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त बहुत अच्छी तरह से समझ व आजमा भी चुके हैं। जिस भाजपा ने शहीदों की वीर नारियों उनके आश्रितों, पूर्व सैनिकों को कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित वन रैंक वन पेंशन का पूरा लाभ कोशियारी कमीशन की सिफ ारिशों अनुसार लागू न कर उनसे इतना बड़ा धोखा किया है तो वह किस मुंह से शहीद सैनिकों के सम्मान की बात करते हैं।जो भाजपा सरकार अभी हाल ही में मणिपुर में एक कारगिल युद्ध के सेवानिवृत्त सूबेदार की पत्नी व अन्य महिलाओं के सम्मान की रक्षा तक नहीं कर सकी बल्कि अढ़ाई महीने भरतक इस खबर को दबाए रखा तथा वहां की पुलिस द्वारा अपनी ड्यूटी कर रहे सैनिकों पर पुलिस केस तक दर्ज किया गया है क्या ऐसी दोगली भाजपा सरकार सेना व शहीदों की हितैषी हो सकती है? कदापि नहीं। देवभूमि हिमाचल प्रदेश में अग्निवीर सेना भर्ती योजना लागू कर यहां के लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है।जो इस योजना तहत भर्ती हो भी गए उनका भविष्य भी सुनिश्चित नहीं है। स्वास्थ्य सेवा ईसीएचएस को मिलने वाले फंड में सैंकड़ों करोड़ रुपए की कटौती कर दी इससे सभी लाभार्थियों को इस स्वास्थ्य सेवा का पूरा लाभ नहीं मिल रहा।

### राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पब्लिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। हिमाचल** प्रदेश स्टेट ईलैक्ट्रीसिटी बोर्ड द्वारा सूचना प्रबन्धन की बढ़ती हुई आवश्यकता और उपयोग के मध्यनजर एवं नियामक आयोग के निदेर्शानुसार विद्युत उपभोक्ताओं और बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विद्युत उपभाक्ताओं के हित की योजनाएं और अन्य विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पब्लिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए बोर्ड लिमिटेड के अतिरक्त निदेशक अनुराग पराशर ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को संबोधित करते हुए ईंज ऑफ डुईंग बिजनेस, विद्युत सुरक्षा बचाव, सौर ऊर्जा एवं हरित वाहन चलन जैसे गम्भीर मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सही सुचना देना सभी विभागों के कर्मचारियों का कर्तव्य है और बोर्ड के कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन बहुत अच्छे से कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि प्रमाणित विद्युत उपकरणों को ही बाजार से खरीद कर प्रयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में तथा बरसात के मौसम में पेड़ और बिजली के खंभों के पास नहीं जाना चाहिए। आम तौर पर ग्रामीण इलाकों में लोग अपने पालतू जानवरों को घरों के नजदिक बिजली के खम्बों में बांध देते हैं जो कि एक लापवाहीं का कारण है और कभी भी दुर्घटनाओं का सामना करना पड सकता है।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के प्रति सावधानी ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने विद्युत शिकायतों के लिए बिजली बोर्ड के टोल फ्री नम्बर 1800-180-8060 या 1912 स्थापित किया गया है,जिसमें विद्युत से सम्बन्धित शिकायतें की जा सकती है। उन्होंने शारिरीक रूप से विक्लांग तथा वरिष्ठ नागरिकों को उप-मंडल तथा मंडलों पर दी जाने वाली प्राथमिकताओं के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने उपभोक्ताओं द्वारा मीटर लेते समय दी गई स्क्योरिटी राशी के ऊपर सालाना ब्याज राशी प्रत्येक वर्ष 30 जून के पश्चात प्रदान किए जाने का प्रावाधानों के बारे में भी अवगत करवाया।

# संतुलन खोने पर दुकान में घुसा सेब से लदा ट्रक

## हैप्पी अवर्स कैफे में काम करने वाला युवक अरविंद हुआ घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**नाहन-कुम्हारहट्टी** हाईवे पर एक सडक हादसा पेश आया है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान का ट्रक नंबर आरजे-11जीबी-5276 शाम करीब 7:30 बजे के आसपास अपना संतुलन खो जाने के कारण हैप्पी अवर्स कैफे में जा घुसा। इस हादसे में जहां इस टीन पोश कैफे में बैठे युवक को मुंह पर चोटें आई हैं वहीं एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। घायल युवक को जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती



करवाया गया है।जानकारी के मुताबिक, एक सेब से लदा ट्रक नाहन की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही ट्रक सेन की सैर के समीप झमीरिया में पहुंचा तो अचानक ही चालक वाहन से संतुलन खो बैठा। इस सडक दुर्घटना में दुकान में रखा फ्रिज और अन्य कीमती सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। दुकान के मालिक अंबर का कहना है कि उसका 2 लाख ला से अधिक का नुकसान हुआ है।

बरहाल हालांकि गनीमत यह रही कि हादसे में किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। वहीं इस हादसे के बाद ट्रक चालक भी मौके से फरार हो गया था।

घटना के बाद इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिलासपुर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** में हो रही भारी बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं पेयजल की समस्या भी विकराल हो गई है। यदि आगामी दो तीन दिनों तक बारिश का मिजाज ऐसा ही रहता है तो पानी का संकट और गहरा सकता है। इन दो तीन दिनों में हुई भारी बारिश से जिला की करीब अस्सी प्रतिशत पानी की योजनाएं प्रभावित हुई है जबकि नुकसान का आकंलन चार करोड़ से भी ज्यादा हो सकता है। इस भयंकर बारिश की चपेट में कई बड़ी स्कीमें भी आई हैं। जिससे पानी की समस्या का होना स्वाभाविक है। श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र में करीब साठ स्कीमें हैं जिनमें 12 प्रभावित हैं। इसमें सबसे बड़ी मिडियम इरिगेशन प्रोजेक्ट चंगर एरिया बस्सी दबट की योजना में पानी से भारी नुकसान हुआ है। वहीं सदर में करीब दस स्कीमें बारिश के पानी की जद में आई हैं। यहां पर नोग पानी की योजना एक बार फिर खराब हो गई है। यहां फिल्टर बैड में बरसात का पानी गाद लेकर घुस गया है। इस स्कीम को क्रियान्वित करते करते समय लग सकता है। विभाग की उपमंडल कंदरौर के तहत आने वाली 31 स्कीमों में से चार को ठीक कर दिया गया है जबकि 27 योजनाओं को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर चला है। बावजूद इसके सभी योजनाओं पर विभागीय कर्मचारी अधिकारी मौके पर डटे हैं। उपमंडल कंदरौर के सहायक अभियंता रविंद्र रनौत ने बताया कि लगातार हो रही बारिश का पेयजल और अन्य पानी



की योजनाओं पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक यह योजनाएं ठीक कर दी जाएंगी। वहीं जिले की छोटी योजनाओं पर इस भारी बरसात का आशिंक असर पड़ा है। जो छोटी योजनाएं प्रभावित हुई थीए उन्हें ठीक कर दिया गया है। वहीं बिलासपुर शहर में डियारा, हाउसिंग बोर्ड आदि स्थानों को छोडकर शहर के कई हिस्सों में पानी का संकट गहरा सकता है। वहीं जिस हिसाब से पानी की योजनाओं में बरसात का पानी आ गया है उससे वैकल्पिक तरीके भी प्रभावित हुए हैं। बहरहाल विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जान को जोखिम में डालकर खड्डो में और खड्डों के साथ स्थापित पेयजल योजनाओं और पाईपों को ठीक करने लगे है। इस बारे में जल शक्ति विभाग एक्सीयन सतीश शर्मा ने बताया कि अभी दो दिनों में हुई भारी बारिश से जिले भर की पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं तथा अब तक करीब चार करोड़ के नुकसान का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि यदि बारिश बाधक नहीं बनती है और मौसम साफ हो जाता है तो दो तीन दिनों में सभी योजनाएं दुरूस्त कर दी जाएंगी।

# मनाली में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**राज्य** स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल के सासे में आयोजित किया जाएगा। यह बात गत दिवस को उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के बारे जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह उपस्थित रहेगे।



उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आकर्षण पुलिस, आईआरबी बटालियन की दो टुकडियां जिनमें एक महिला तथा एक पुरुष, एचपीएसडीआरएफ की एक टुकड़ी, ट्रैफि क पुलिस की एक, पंजाब पुलिस की एक, जिला कुल्लू पुलिस की एक टुकड़ी, होमगार्ड की दो टुकडियां जिनमें एक महिला तथा एक पुरुष, आइटीबीपी की एक टुकड़ी, एसएसबी की एक व एनसीसी एयरविंग और आर्मी विंग की एक एक टुकडियां भव्य परेड में भाग लेंगे। गृह रक्षा बैंड कार्यक्रम का आकर्षण रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश भर के विभिन्न जिलो के सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगा।

# डीहर में बारिश के कारण गिरी रसोई घर की दीवार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डीहर में बारिश के कारण एक मकान को बहुत नुक्सान हुआ हैं। जानकारी के अनुसार डीहर में भारी बारिश के दौरान विजय कुमार पुत्र केहर सिंह के मकान में बनी रसोई की दीवार गिर गई। हालांकि मकान में रह रहे सभी सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित हैं। लेकिन रसोई की दीवार गिरने के कारण रसोई का आधे से ज्यादा सामान टूट गया हैं, जिससे घर के सदस्यों को भूखा रहना पड़ रहा हैं। विजय कुमार ने इसकी जानकारी ग्राम पंचायत डीहर के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय हल्के के पटवारी को इसकी सूचना दे दी है।

# इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करेगी आंचल व विश्वास राजपूत

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**नीट परीक्षा** की परिणाम पर जिले मंडी के उपमंडल धर्मपुर की सरी पंचायत की आंचल रॉय और लंगहेड पंचायत का विश्वास राजपूत ने नीट परीक्षा में 720 अंकों में से 629, अंक प्राप्त किए हैं। आंचल राय ईडब्लूएस श्रेणी में प्रथम स्थान हिमाचल प्रदेश में हासिल किया। विश्वास राजपूत नीट परीक्षा में 720में से 608 हासिल किए और ईडब्ल्यूएस में विश्वास राजपूत ने पांचवा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को दोनों पास छात्र हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र ठाकुर से मिले। जितेंद्र ठाकुर ने कहा की दोनों आम



परिवार से निकले हुए बच्चे हैं। दोनों बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आम स्कूलों में हुई है। अंचल राय के माता आशा वर्कर है,पिता दवाइयों की कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। विश्वास की माता गृहिणी है पिता पुलिस विभाग में नौकरी करते थे लेकिन विश्वास के पिता अब इस दुनिया में नहीं है। दोनों बच्चों ने धर्मपुर क्षेत्र में एक रोल मॉडल पेश किया आंचल राय सरी पंचायत की पहली बिटिया है जो डॉक्टर की पढ़ाई करेगी।

वही विश्वास राजपूत भी लगेहड पंचायत से पहला बेटा जो डॉक्टर की पढ़ाई करेगा दोनों बच्चों ने अपने-अपने पंचायत का सबसे ऊंचा किया है। आम परिवार से निकलकर भी आप आप बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं दोनों बच्चों का दाखिला दोनों बच्चों का दाखिला हिमाचल के प्रतिष्ठित संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में हुआ ठाकुर ने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र से कुछ एक बच्चे हैं जिन्होंने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है ठाकुर ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि आप इसी तरह भविष्य में अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहे जितेंद्र ठाकुर ने दोनों बच्चों से कहा कि अपनी डॉक्टरी पढ़ाई पूरी करके क्षेत्र में सेवा दे एक जिससे जिससे अपने क्षेत्र के आम जनमानस को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ होगा जितेंद्र ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा है जो बच्चे नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए हैं

वह हौसला नहीं हारे हैं वह अगले साल की तैयारी में जुट जाएं और ज्यादा से ज्यादा बच्चे हमारे क्षेत्र से और नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण हो।

# हरनोडा स्कूल ने बैडमिंटन में प्रथम तथा वॉलीबॉल में पाया द्वितीय स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित हुई अंडर-14 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरनोडा के खिलाड़ी छात्रों ने बैडमिंटन में प्रथम स्थान तथा वॉलीबॉल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।मॉर्निंग असेम्बलिंग के दौरान खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों का विद्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य जगदीश सिंह ने खिलाडि?ों का आह्वान करते हुए कहा कि पढाई के साथ खेल को खेल की भावना से



खेलना अनुशासनात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने अंडर फ ोर्टीन नन्हे खिलाड़ियों को हार जीत के टिप्स पर विस्तार से बताते हुए कहा कि भविष्य में हार भी जीत के लिए आधारशिला का काम करती है। इसलिए हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि उससे अपने व्यक्तित्व निखार के लिए कुछ सीखना चाहिए। सभी उपस्थित खिलाडियों को उत्साह से आगे बढने की प्रेरणा दी।

# दादी की गोद में पोते ने त्यागे प्राण, एक-दूसरे से लिपटे मिले शव

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला** सिरमौर के सिरमौरी ताल में बादल फटने से हुए हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। इस हादसे में जहां दो शव पिछले कल बरामद कर लिए थे। वहीं कल तीन शवों को रेस्क्यू टीम द्वारा निकल गया। जब इन शवों को निकाला गया तो यह नजारा बड़ा हृदय विदारक था। बताते हैं कि जब रेस्क्यू टीम जमीदोज हुए भवन के तल में पहुंची तो वहां तीन शव पड़े हुए थे। पहले महिला का शव बरामद किया। उसके कुछ देर बाद दादी और पोते के शवों को मलबे में से निकल गया, लेकिन दादी और



पोते का शव निकालते हुए रेस्क्यू टीम की भी आंखें नम हो गई। बताते हैं कि इस हृदय विदारक नजारे को देखते ही लोगों की आंखें भर आई। दादी ने अपने पोते को गोद में जकड़ रखा था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की दादी ने आखिरी दम तक अपने पोते को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। यदि इस प्राकृतिक आपदा में हुए हादसे की बात करते हैं तो छह लोगों के परिवार में से केवल मात्र एक विनोद कुमार ही जीवित बच पाया है। बाकी उसका हंसता खेलता परिवार मौत के आगोश में सो गया। बताते हैं कि विनोद हादसे से कुछ ही समय पहले अपनी मौसेरी बहन को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए निकला था, लेकिन 10 मिनट के अंदर ही सब कुछ खत्म हो चुका था और इस हादसे में विनोद कुमार मां-बाप सहित पत्नी और दो मासूम बच्चों को खो चुका था। अब इस परिवार में केवल विनोद ही एकमात्र जिंदा बचे हैं। वह भी जिंदा लाश से कम नहीं है, क्योंकि अपनों के शवों को देखकर विनोद बेहोश हो जाता है। बुधवार की शाम को जिला सिरमौर के पांवटा साहिब विकासखंड की ग्राम पंचायत मुंगलोवाला के सिरमौरी ताल में बादल फ टने से बाढ़ आ गई, जिससे सिरमौरी ताल में कई मकान मलबे की जद में आ गए, लेकिन अन्य मकानों को तो कुछ क्षति ही पहुंची है और लोग भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। मगर विनोद कुमार को यह हादसा ऐसा जख्म दे गया जो भविष्य में कभी भी नासूर बन सकता है। इस हादसे में विनोद की माता, पिता, पत्नी, बेटा और बेटी भी हमेशा के लिए अलग हो गए। कल तीसरे दिन रेस्क्यू टीम ने मलबे में दफन अन्य तीन शवों को भी निकाल लिया।

# 'युवाओं के हितों की हर स्तर पर करेंगे पैरवी'

## कार्यक्रम के सूत्रधार सर्व कल्याणकारी संस्था के चेयरमैन अभिषेक राणा थे

**युवा दिवस**

**8 सुजानपुर के विधायक व राजेंद्र राणा के साथ-साथ हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने शिरकत की**




**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हमीरपुर में सर्व कल्याणकारी संस्था के बैनर तले आयोजित भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद युवाओं का ठाठे मारता समंदर उमड़ा और ढोल नगाड़ों की थाप पर नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

**बारिश के बावजूद हजारों युवा पहुंचे में**

इस कार्यक्रम के सूत्रधार सर्व कल्याणकारी संस्था के चेयरमैन अभिषेक राणा थे और कार्यक्रम में सुजानपुर के विधायक व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राणा के साथ-साथ हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने विशेष तौर पर शिरकत की। दोनों विधायकों का हजारों की तादाद में उमड़े युवाओं ने बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संस्था के चेयरमैन अभिषेक राणा ने संस्था की गतिविधियों और भावी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले 50 के करीब मेधावी विद्यार्थियों और राष्ट्रीय स्तर की खेलों में जिला हमीरपुर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडि?ों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने सर्व कल्याणकारी संस्था के सामाजिक सेवा के क्षेत्र में 22 साल के सफर की उन्मुक्त कंठ से सराहना की और सुजानपुर के विधायक और संस्था के संस्थापक राजेंद्र राणा के सामाजिक कार्यों के सफ र को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने निस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा के सफ र को जारी रखा है और संस्था ने कई एतिहासिक कार्यकम आयोजित किए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी संस्था का सामाजिक सेवा का कारवां इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ चलता रहेगा।

# 'पहाड़ों की कटिंग का मलबा पहाड़ों में लगाकर किया गया फोरलेन का निर्माण आज जनता भुगत रही जनता'



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री मुकेश अभिनेत्री ने शनिवार को एनएच पांच का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने यहां पर अधिकारियों को के दिशा निर्देश दिया है वही फोरलेन निर्माण पर भी सवाल खड़े किए हैं। सोलन पहुंचने पर मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री मुकेश अभिनेत्री ने फोरलेन निर्माण को लेकर सवाल उठाए हैं और कंपनी के कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े किए है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जब पिछले कांग्रेस कार्यकाल में वे इंडस्ट्री मिनिस्टर थे तब भी उन्होंने फोरलेन के निर्माण को लेकर कंपनी द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर सवाल उठाए थे लेकिन तब भी कंपनी ने नहीं सुनी लेकिन आज इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है, वो आज सबके सामने देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ का पत्थर पहाड़ में ही लगाकर जिस तरीके से फोरलेन का निर्माण हुआ है वह गलत है इसकी वजह से आज फोरलेन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है, चंडीगढ़ शिमला एनएच पांच कभी बंद नहीं होता था लेकिन आज यह बंद हो रहा है उन्होंने कहा कि इसको लेकर केंद्र सरकार से भी बात की गई है और उन्हें भी इस बारे में अवगत करवाया गया है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इसी के साथ-साथ प्रदेश में अन्य विभागों को भी नुकसान देखने को मिला है आईपीएच विभाग को अब तक प्रदेश में साढ़े 1600 करोड़ का नुकसान हुआ है जिसके बारे में उन्होंने केंद्र से भी बात की है वही एचआरटीसी विभाग को भी रोजाना 30 से 35 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है इन सब बातों को ध्यान में रखकर सरकार कार्य कर रही है और इसके बारे में केंद्रीय नेताओं को भी बताया गया है।

# श्रावण अष्टमी मेला को लेकर डीसी ने जारी किए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**जिला** दंडाधिकारी ऊना राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रावण अष्टमी मेला के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला ऊना में 17 से 25 अगस्त तक धारा 144 लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कानून एवं व्यवस्था में तैनात जवानों को छोडकर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि श्रावण अष्टमी मेला के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोडकर अन्यों द्वारा लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। इसके अतिरिक्त ब्रॉस बैंड़, ड्रम, लंबे चिम्टे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा। साथ ही इस दौरान पॉलीथीन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खुले में और सडक किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा और आतिशबाजी इत्यादि की भी अनुमति नहीं होगी।

# 15 अगस्त से 112 दिन की अन्न त्याग यात्रा करेगी राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**
**15 अगस्त** से राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी हिमाचल प्रदेश में अन्य त्याग यात्रा शुरू करने वाली है शनिवार को सोलन के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अधिक पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के सुप्रीमो रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चारों लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी और प्रदेश में चुनाव लड? वाले सभी पार्टियों को टक्कर देगी।उन्होंने कहा कि उनकी जो 15 अगस्त से अन्न त्याग यात्रा 112 दिन की शुरू होने जा रही है उसके माध्यम से 10 मुख्य मांगों



को लेकर सरकार के समक्ष रखा जाएगा और यह यात्रा चारों लोकसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि इस यात्रा में करीब हर लोकसभा क्षेत्र से 50000 लोग उनके साथ इसमें जुड़ेंगे और अपनी 10 मांगों को लेकर इस दौरान 112 दिन तक अन्न त्याग किया जाएगा। रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से हिमाचल प्रदेश में सरकार चल रही है और आपदा के समय में भी लोगों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है उसके खिलाफ भी आवाज बुलंद की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव के लिए भी उनकी पार्टी पूरी तरह से तैयार है और इन चुनाव में भी सभी पार्टियों को पूरी तरह से टक्कर देने वाले हैं। रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी वे उतरे थे लेकिन उस समय वे नए खिलाड़ी थे ऐसे में वह जीत नहीं पाए लेकिन फिर भी उन्होंने 29 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही चुनाव में कड़ी टक्कर दी। रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वर्ण संगठन से ही देवभूमि राष्ट्रीय पार्टी का गठन हुआ था ऐसे में विभिन्न मांगों को लेकर वे अब एक बार फिर अपनी यात्रा शुरू करने वाले हैं। इस यात्रा में मुख्य मांगे समानता का अधिकार, राष्ट्रीय स्वर्ण आयोग का गठन, सभी आरक्षित वर्गों में क्रीमी लेयर व्यवस्था को सही ढंग से लागू करना एट्रोसिटी एसटीएएससी में संशोधन, हिंदू मंदिरों को सरकार का नियंत्रण से बाहर करवरकर ट्रस्ट के अधीन जाकर मंदिर में चढ़ाए जाने वाले धन को गुरुकुल शिक्षा विद्यालय गौर सदन, सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए खर्च करने की मांग भी की जाएगी। इसी के साथ नशा तस्कर जैसे कि चिट्टे केमिकल नशा पदार्थ बेचकर युवाओं को मरने के लिए विवश करने वाले लोगों पर धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान करवाने और नशा बेचकर अर्जित की गई संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की मांग की जाएगी वहीं महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग के सशक्तिकरण को मजबूती देने का काम भी इस यात्रा के दौरान किया जाएगा प्राकृतिक आपदा में अपना सबकुछ गवाने वाले पीड़ित परिवारों के लिए स्पेशल पैकेज की मांग भी सरकार द्वारा इस यात्रा के दौरान की जाएगी वहीं बढ़ती बेरोजगारी और देश में चरम सीमा पर पहुंच चुकी महंगाई को लेकर भी इस यात्रा में आवाज को उठाया जाएगा।

# विधायक आशीष शर्मा ने डीएवी स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**विधानसभा** क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने डीएवी स्कूल हमीरपुर में चैसोलॉजी चैस अकादमी की ओर से आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। यहां पहुंचने पर विधायक आशीष शर्मा का आयोजनकताओं और स्कूल प्रधानाचार्य डॉ विश्वास शर्मा ने स्वागत किया एवं सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि मायने हार जीत नहीं रखती बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना




महत्वपूर्ण है। अपनी कमिटमेंट, विलपॉवर और फ ोकस के साथ आप किसी भी क्षेत्र में यदि मेहनत करते हैं तो आपको सफ लता जरूर मिलती है। चाहे खेल का क्षेत्र हो या पढ़ाई का क्षेत्र हो बच्चों को के तीन बातों को ध्यान में रखकर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने हरिवंश राय बच्चन की कविता कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। सुनाकर भी बच्चों को लक्ष्य के प्रति प्रेरित किया। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि शतरंज का खेल बच्चों को मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है।

मानसिक एवं शारीरिक रूप से फि ट युवा ही देश के भविष्य को भी मजबूत बनाता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे रोजाना सुबह कम से कम आधे से से एक घंटे तक का समय अपने शरीर को फि ट रखने के लिए दें। परिजन खासकर माता बच्चे की सबसे पहली गुरु है इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चे अच्छी आदतें अपनाएँ और अपने परिवार व समाज के उत्थान के लिए अपना योगदान दें। खेल के प्रतिभागियों दुष्यंत सिंह, कृतिका ठाकुर, अर्पित शर्मा, स्वस्तिक जसवाल, दीक्षित शर्मा, यथार्थ, अन्वी और सूर्यांश ने दोपहर तक इस प्रतियोगिता के प्रथम और दूसरे राउंड को जीतकर तीसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों व ओपन वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं। यहां पर जीत हासिल करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# 7 माह बाद भी वीरेंद्र कंवर नहीं पचा पा रहे हार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। कुटलैहड़** भाजपा के पूर्व नेता एवं डोहगी के पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर 7 माह बीत जाने के बाद भी अपनी हार नहीं पचा पा रहे हैं।
बंगाणा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व प्रधान ने कहा कि एक तरफ पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुटटो पर आरोप लगा रहे है कि क्षेत्र के लिए एक पैसा नहीं ला पा रहे है, वही दूसरी तरफ विधायक पर टैंडर में मनमानी का आरोप लगा रहे है।

## न्यूज फ्लैश

### इनरव्हील क्लब सोलन मिड टाउन ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। पीड़ित** मानवता की सेवा के लिए इनर व्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा आज ग्राम पंचायत रबोन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चेकअप करवाने आए लोगों के निशुल्क टेस्ट भी किए गए। वही महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्तन पान सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को डॉक्टरों द्वारा स्तनपान के लाभ तथा आवश्यक डाइट के बारे मे जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने महिलाओं को स्तनपान के दौरान अपने खान पान तथा जरूरी न्यूट्रिशन के बारे में भी बताया। क्लब की एडिटर नीलम ठाकुर ने बताया कि कैंप में विशेष करके महिलाओं के लिए महिलाओं से संबंधित रोगों के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा उन्हें जानकारी दी गई ।क्लब की प्रधान उषा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रबोन में इनरव्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 के करीब लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई वहीं महिलाओं को इस में विशेष रूप से आए महिला विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा ब्रेस्टफीडिंग, माहवारी संबंधी समस्या व हाइजीन के बारे में अवगत करवाया गया उन्होंने कहा कि इस कैंप में विशेष रूप से शुगर, बीपी और एचबी की भी जांच की गई उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी क्लब द्वारा इसी तरह के कैंप समाज सेवा के लिए लगाए जाएंगे।

### एसबीआई कार्ड ने रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन की सुविधा चालू की

शिमला: एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ग्राहक 10 अगस्त 2023 से रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन कर पाएंगे।ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड को तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप्स के साथ पंजीकृत करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।इससे रुपे प्लेटफॉर्म पर एसबीआई कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए अवसर और बढ़ जाएंगे साथ ही उन्हें यूपीआई के जरिये बेहतर,सुविधाजनक और बिना किसी परेशानी के भुगतान की सुविधा का अनुभव प्राप्त होगा। रामा मोहन राव अमारा,एमडी एवं सीईओ,एसबीआई कार्ड,ने कहा कि इस सुविधा की शुरूआत के साथ अब एसबीआई कार्ड के ग्राहक एसबीआई कार्ड द्वारा जारी अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग यूपीआई प्लेटफॉर्म पर कर पाएंगे।मौजूदा दौर में यूपीआई एक बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म बन चुका है जिसके माध्यम से हर दिन लाखों ट्रांजैक्शन किए जाते हैं। इससे हमारे ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के कहीं भी अपने कार्ड का उपयोग कर पाएंगे।

# ऑटो चालकों को पेश आ रही समस्या को लेकर विधायक से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**प्रदेश** भर में ऑटो चालकों को पेश आ रही समस्याओं को लेकर शनिवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में ऑटो चालकों ने कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से मुलाकात की और सारी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश ऑटो रिक्शा स्टेट फेडरेशन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर जिस तरह से प्रदेश सरकार जोर दे रही है उसी तरह हिमाचल प्रदेश में सरकार इलेक्ट्रिक ऑटो लाने वाली है लेकिन इसका फायदा ऑटो चालकों को नहीं होने वाला है। इस बात को लेकर आज उन्होंने कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से मुलाकात की है और उन्हें उनके द्वारा आश्वासन मिला है कि उनकी बात को वह विधानसभा में जरूर रखेंगे हिमाचल प्रदेश ऑटो रिक्शा स्टेट फेडरेशन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने के बात प्रदेश सरकार द्वारा कही जा रही है लेकिन अभी तक उचित मात्रा में कहीं भी चार्जिंग प्वाइंट नहीं बने हैं ऐसे में यह समस्या आने वाले समय में भी ऑटो चालकों को आएगी इस बात को लेकर आज उनके द्वारा कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनम्र सुल्तानपुरी से मुलाकात की गई है और उन्हें समस्या के बारे में अवगत करवाया गया है।

वही कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में हरित क्रांति लाने पर जोर दे रही है और पोलूशन फ्री हिमाचल हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है ऑटो चालकों की जो भी समस्या है उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा और उनकी बात को वे विधानसभा में भी उठाएंगे।

# हिमाचल में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन की ओर अग्रसर हिमाचल सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। इस पहल में ग्रामीण क्षेत्रों के 36 स्वास्थ्य संस्थानों में 157 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं। 22 स्वास्थ्य संस्थानों को 6 या इससे अधिक विशेषज्ञ के साथ सुदृढ़ किया गया है जबकि 7 स्वास्थ्य संस्थानों में 5 विशेषज्ञ और 6 संस्थानों में 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य मुख्यमंत्री द्वारा अपने पहले बजट में की गई घोषणा के अनुरूप प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करना है। प्रदेश सरकार धरातल पर स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत कर सभी के लिए बेहतर और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा स्वास्थ्य विभाग को चरणबद्ध तरीके से प्रदेश भर में ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों का मजबूत ढांचा विकसित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात करने और अत्याधुनिक उपकरणों को अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है। प्रारंभिक चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में 157 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के साथ-साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिगत 36 स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल किया गया है।
इससे आमजन को उपचार के लिए जिला व राज्य स्तर के बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस पहल के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों, चिकित्सा कर्मियों, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे सुविधाओं सहित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और 134 लैब टेस्ट सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में घरद्वार पर विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर जिला अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों पर स्थानीय निवासियों की निर्भरता को कम करने का प्रयास किया गया है। यह रणनीतिक बदलाव न केवल जनता के लिए समय और पैसा बचाने के लिए उपयोगी बल्कि राज्य के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य देखभाल प्रतिष्ठानों को भी सुदृढ़ करेंगे। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करने से चिकित्सा महाविद्यालयों में उपचार के लिए आने वालों की संख्या कम होगी, जिससे उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी।

# भगवान अपने भक्तों के लिए कहीं भी हो सकते हैं प्रकट

## गीता मंदिर ऊना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**भगवान** अपने भक्तों के लिए कहीं भी और कभी भी प्रकट हो सकते हैं। भगवान का अवतार केवल और केवल अपने भक्तों के लिए है। यह उक्त विचार श्रीपुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में ऊना के मेन बाजार में स्थित श्रीगीता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस में गोकुल से पधारे स्वामी देवकीनंदन दास ने वक्त किए ।देवकीनंदन दास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता जी में कहा है कि जब जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ? लगता है, तब तब मैं इस धरातल पर प्रकट होता हूं। दुष्टों का विनाश



कर धर्म की संस्थापना करता हूं। उन्होंने कहा कि दुष्टों का विनाश करने के लिए भगवान को स्वयं आने की जरुरत नहीं, यह काम तो भगवान की इच्छा से अकेले हनुमान जी ही कर सकते हैं और धर्म की संस्थापना करने के लिए भी भगवान को आने की जरुरत नहीं, क्योंकि उनकी कृपा शक्ति से कोई भी आचार्य यह कर सकता है। भक्तों के हृदय में जो भगवान के विरह की अग्नि जलती है, उसको शांत करने के स्वयं भगवान को आना पड़ता है। जब भगवान अपने भक्तों के लिए आते हैं तो साथ साथ धर्म की संस्थापना भी करते हैं और दुष्टों का विनाश भी। स्वामी जी ने कहा कि जैसे एक पतिव्रता स्त्री का पति किसी काम से विदेश चला जाए और विदेश से अपने मित्र के हाथ कुछ भेजता रहे और स्वयं न आए तो पत्नी को संतुष्टि नहीं होती। पत्नी की विरह अग्नि तभी शांत होती है, जब पति स्वयं आ जाए। इसलिए भगवान को पाने का एक ही तरीका है शुद्ध भक्त के चरणों की रज में लोट पोट होना। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

# 'केंद्र सरकार महिला सुरक्षा पर पूरी तरह से विफल'

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। केंद्र** सरकार महिला सुरक्षा मामलों पर विफल साबित हो चुकी है। यह बात शनिवार को मैहतपुर में एक जारी प्रेस बयान में ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मंहगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर विषय पर चर्चा करने को तैयार नहीं है। वहीं भाजपा देश में भाईचारे को खत्म करने का प्रयास कर रही है। सीमा शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के नेतृत्व में दिल्ली में 17 व 18 अगस्त को दो दिवसीय उज्जवल भारत की प्रतिज्ञा प्रोग्राम के तहत आयोजित किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने गेल गैस का लगवाया कैम्प



**सोनीपत:** शनिवार दिनांक 12 अगस्त को सीनियर मेयर श्री राजीव सरोहा राठधना जी के सौजन्य से गेल गैस सोनीपत ऑफिस द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गैस बिल जमा करने हेतु कैम्प लगवाया गया। युवा ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने बताया की बिल भुगतान करने पर 100% ब्याज व जुमार्ना माफ किया गया।राठधना गाँव में करीब 250 कनेक्शन धारको के बिल बकाया थे जिनमे से करीबन 150 कनेक्शन धारको ने सुविधा का लाभ उठाते हुए ब्याज व जुमार्ने पर 100% छूट के साथ अपने बिल का भुगतान किया।यह कैम्प कल 13 अगस्त को भी गाँव के सरकारी स्कूल में सुबह 11 बजे से शाम के 5 बजे तक लगाया जायेगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,गेल गैस के मैनेजर अभिषेक वशिष्ठ, सीनियर फायर ऑफिसर रंजन यादव,कैम्प इंचार्ज दीपक शर्मा ,अन्य स्टाफ व गाँव के गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

### भारतीय संहिता लागू होने से बढ़ेगा देश का गौरव: झरौठी

**सोनीपत/रमेश कुमार**



पूर्व चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही गौरवशाली दिन है क्योंकि आज ग्रह मंत्री अमित शाह के द्वारा आज नये भारतीय संहिता कानून पेश किया गया है जो कि पास होने पर भारतीय संहिता के अनुसार होने से हर भारतीय नागरिक गौरव महसुस करेगा पूर्व चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी ने कहा कि भारतीय संहिता लागू होने से अग्रजो के जमाने से चले आ रहे अग्रजी कानून से अग्रजरीयत नही बलिक भारतीयता महसुस होगी पुराने कानून मे जो गुलामी की दुगनध आति थी उससे दूर करने का काम करेगा। चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी कहा कि1860 मैं बने इंडियन पैनल कोड की जगह अब भारतीय न्याय संहिता 1898 मे बने सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व 1872में बने इंडियन एविडस कोड की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता सहित कई अन्य कानून मे बदलाव के साथ साथ अदालत मे केस की समय सीमा सीमित करने का प्रयास भी बहुत ही सराहनीय हैं इससे न्याय जल्दी व सटीक मिलने की संभावना बढ जाती है इस कदम से अदालत में समय व खरचो मे कमी आयेगी व लोगो मे न्याय व सरकार के प्रति विश्वास बढेगा

### वी ने स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में लॉन्च किए एक्सक्लुजिव ऑफर्स

**गुरुग्राम।** भारत के 77वें स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर्स लेकर आए हैं। 12 से 18 अगस्त के बीच वी के उपभोक्ता आकर्षक डील्स की व्यापक रेंज का लाभ उठा सकते हैं और साथ ही वी ऐप पर आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका भी पा सकते हैं। उपभोक्ता स्वतन्त्रता दिवस के जश्न के साथ निर्बाध ऑनलाईन अनुभव पा सकें, इसके लिए वी रु 199 से अधिक वाले सभी अनलिमिटेड डेटा रीचार्ज पर 50 जीबी तक अतिरिक्त डेटा के फायदे लेकर आया है। इसके अलावा वी के उपभोक्ता रु 1499 एवं रु 3099 के रीचार्ज पर क्रमशः रु 50 और रु 75 का इंस्टेन्ट डिस्काउन्ट पा सकते हैं। स्वतन्त्र के दिवस के जश्न के जोश को और अधिक बढ़ाते हुए वी, एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर स्पिन द व्हील कॉन्टेस्ट का आयोजन भी कर रहा है।

# 'एलियंस इन इंडियन पवेलियन' थीम पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शानदार एक्ट की प्रस्तुति दी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**लिटल** एंजल्स स्कूल, सोनीपत में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा एलियंस इन इंडियन पवेलियन थीम पर शानदार एक्ट की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मॉन्टेसरी कोऑर्डिनेटर भारती दत्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया और सभी को इस शानदार एक्ट से अवगत करवाया। इस थीम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मैत्री संबंधो को बढ़ाना था। इस थीम के अंतर्गत बच्चों की एलियंस को जानने की इच्छा को प्रमुखता देते हुए उनकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की एलियंस के साथ मैत्री संबंधों को दिखाते हुए बताया गया कि हम अपने अच्छे स्वभाव से किसी को भी सरलता व सादगी से अपना बना सकते हैं। थीम के अंतर्गत बच्चों को उत्तर प्रदेश, राजस्थान व पंजाब की संस्कृति से अवगत कराया गया। बच्चों को पोखरण और आर्मी कैंप की जानकारी दी गई और उन्हें भविष्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया गया। लिटल एंजल्स स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर वंशज चौहान की उपलब्धियों के बारे में सभी को जानकारी दी गई और जीवन में खेलों के महत्त्व को भी बताया गया। बच्चों ने जादू-जादू, हुए अजनबी- राहों पर आदि गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आकर्षक वेशभूषाओं में बच्चों ने इस कार्यक्रम को प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच सज्जा देखने योग्य थी। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर अत्यंत खुश थे। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी अध्यापकों के सहयोग व मेहनत की सराहना की। लिटल एंजल्स स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल का सदैव यह प्रयास रहा है कि वह बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास करे और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य दे।

# हरियाणा की जनता को भी देंगे फ्री बिजली: राकेश चुघ



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव गढ सरनाई, बराना, पलेहडी, बबैल, कुटानी व राजाखेड़ी मे पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने अपनी टीम के साथ गांव की चौपालों, चौकों, घरों व दुकानों में जाकर ग्रामीणों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि प्रदेश के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है लेकिन हरियाणा में सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर महंगी बिजली लोगों को दी जा रही है। इससे एक आम परिवार का बिजली का बिल भी हजारों में आता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली व पंजाब में फ्री बिजली दी जा सकती है तो हरियाणा के लोगों को इतनी महंगी बिजली क्यों दी जा रही है।

# राष्ट्र के निर्माण व विकास में युवाओं की अहम भूमिका: सुधीर जैन




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पौधे लगाकर परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम "युवाओं के लिए हरित कौशलः एक सतत विश्व की ओर" है । इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल के साथ सशक्त बनाना तथा युवाओं के मुद्दों की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित करवाना है ।

चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण और विकास में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा ही देश का भविष्य निर्धारित करता है। जिस देश की युवा पीढ़ी जितनी शिक्षित होगी वह देश उतनी ही तेजी से विकास करेगा। हर साल 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व सियासी मुद्दों के प्रति युवाओं को जागरूक करना व इनकी हिस्सेदारी बढ़ाना है।

### 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में, अशोक लेलैंड का ड्रीम ड्राइव पहुँचा करनाल

**करनाल।** अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, ड्रीम ड्राइव के अंतर्गत अशोक लेलैंड के बड़ा दोस्त और बॉस 1215 वाहन करनाल पहुंचे। जम्मू से यात्रा करते हुए, वाहन हिसार की ओर जा रहा है। यह अभियान पंतनगर के विनिर्माण संयंत्र पहुँचकर संपन्न होगा। इस यात्रा में पानीपत, दिल्ली, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ भी शामिल होंगे। ड्रीम ड्राइव में कुल 10 वाहन होंगे जो पांच अलग-अलग मार्गों पर देश के कोने-कोने से गुजरेंगे।

बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर यह ड्राइव देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी और अशोक लीलैंड के विनिर्माण संयंत्रों में समाप्त होगी।

# रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता: देवेंद्र कादियान




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एसआरके स्किल सेंटर पर नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर आयोजकों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस शिविर में जनहित फाउंडेशन टीम ने करीब 85 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। दूसरों की अनमोल जिंदगी बचाने को लेकर रक्तदान कर रहे युवाओं के साथ महिलाओं में काफी उत्साह था। मुख्य मेहमान देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता। क्योंकि दान किए हुए रक्त से जरूरतमंद व जिंदगी की जंग लड़ने वालों को नई जान मिलती है। ऐसे में जब भी मौका मिले रक्तदान करने से कभी भी पीछे नहीं हटें और इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए दूसरों की जान बचाने में मददगार बनें। शिविर के समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, एसएचओ रवि कुमार व विजय सिंह अहलावत, हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में एकेडमी संचालक जोगेंद्र , नवीन गुलिया, जसबीर अहलावत, राकेश कुमार, सतपाल, एकेडमी संचालक जोगेंद्र , देवेंद्र धीमान, हवा सिंह अंतिल, अनिल, सोनिया आदि ने अपना सहयोग दिया।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 14 को : सुशील

**तैयारी**

8 पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मेलन 14 अगस्त को सोनीपत में बुलाया गया है: सुशील कशयप



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जैसे-जैसे 2024 में होने वाले लोकसभा में विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं। सभी पार्टियों सक्रिय हो गई है। उसी कड़ी के चलते कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने भी 14 अगस्त सोमवार के दिन मुरथल रोड पर यूनिक गार्डन में राज्य स्तरीय सम्मेलन करने का फैसला लिया है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष सुशील कशयप ने शनिवार को अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मेलन 14 अगस्त को सोनीपत में बुलाया गया है। कश्यप ने बताया कि सम्मेलन में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के

**आवाज उठाएंगे**

8 कार्यकर्ताओं में जोश : सुशील, पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव करेंगे शिरकत

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कश्यप करेंगे। सुशील कश्यप ने कहा कि जातीय जनगणना करवा कर उसके हिसाब से पिछड़ा वर्ग के लोगों को राजनीति में भागेदारी देने के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाये। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में ओबीसी के हकों की आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि ओबीसी के हकों के लिए जातीय जनगणना करवाई जाए। उनका कहना है कि ओबीसी का अलग से मंत्रालय बने, जो ओबीसी के हितों के लिए कार्य करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार क्रीमीलेयर को हटाकर उनके हक पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिए जाए। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी,करताराम कश्यप कार्यकारी अध्यक्ष ,तेलूराम जांगड़ा व पुष्पेंद्र योगी जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सहित प्रदेश का सभी पदाधिकारी भाग लेंगे।

### रॉयलओक फर्नीचर ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना 156वां स्टोर खोला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रॉयलओक फर्नीचर, भारत का अग्रणी फर्नीचर ब्राण्ड, ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना नया स्टोर लॉन्च कर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। स्टोर का उद्घाटन बड़ी धूमधाम से किया गया, जहाँ रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन विजय सुब्रमण्यिम, प्रबंध निदेशक मथन सुब्रमण्यिम, खुदरा प्रमुख एच. एस. सुरेश, उत्तर के राज्य प्रमुख नागेंदर राव और बिक्री एवं मर्चेंडाइजिंग के प्रमुख प्रशांत कोटियन उपस्थित थे। यह व्यापक स्टोर लिविंग रूम्स, बेडरूम्स, डाइनिंग रूम्स, आदि के लिये फर्नीचर के एक विस्तृत संग्रह की पेशकश करता है। पश्चिम विहार के निवासी अब अपने नजदीक में स्टाइल दिखाने के साथ-साथ काम आने वाली चीजों की एक बड़ी श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं, इसमें सोफा, बिस्तर, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, रिक्लाइनर, मैट्रेस, इंटीरियर डेकोर और ऑफिस तथा आउटडोर फर्नीचर की एक व्यापक श्रृंखला शामिल है। इस स्टोर के साथ ही दिल्ली क्षेत्र में ब्राण्ड के कुल 7 स्टोर हो गये हैं। उम्मीद है कि यह स्टोर हर साल 2 लाख से ज्यादा आगंतुकों को आकर्षित करेगा। लॉन्च इवेंट में बात करते हुए, रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन श्री विजय सुब्रमण्यिम ने कहा, अपने नये स्टोर को लॉन्च कर हम उत्साहित हैं, जोकि अपने ग्राहकों के लिये किफायती दामों पर सर्वश्रेष्ठ फर्नीचर की पेशकश के लिये रॉयलओक की प्रतिबद्धता दिखाता है। यह सुनिश्चित करने के लिये हमारी टीम ने लगातार काम किया है कि यह स्टोर खरीदारी का सचमुच एक बेजोड़ अनुभव दे, और यह उच्च-गुणवत्ता के उस फर्नीचर के व्यापक संग्रह से मिलेगा, जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ काम का भी हो।

# देश की चाय टाटा टी प्रीमियम मना रही है 'देश का गर्व'

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का प्रमुख ब्रांड टाटा टी प्रीमियम स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी देश का गर्व पहल के जरिए भारत और यहां की कला, संस्कृति और विरासत का जश्न मना रहा है। टाटा टी प्रीमियम ने अपने देश के धागे अभियान के जरिए देशवासियों को देश के गौरव के रंगीन और खूबसूरत सफर पर ले जाने की योजना बनाई है। देश के धागे अभियान में टाटा टी प्रीमियम भारत की समृद्ध हैंडलूम्स विरासत को सम्मानित कर रहा है। क्षेत्रीय अभिमान के सार को दशार्ते हुए, हरयाणा के लिए बनाए गए टाटा टी प्रीमियम के पैक सजे हैं अपनी अद्वितीय पैटर्न्स के लिए मशहूर पंजा दरी के डिजाइन से, जो अपनी मजबूती और लंबे समय तक टिकने वाली प्रकृति, शानदार सुंदरता के लिए लोकप्रिय हैं।

टाटा टी प्रीमियम के लिमिटेड एडिशन पैक कलेक्शन का हर पैक एक शानदार कैनवास है जो भारतीय कारीगरों के अद्वितीय कौशल और कृतियों को प्रदर्शित करता है।

महाराष्ट्र की राजसी पैठनी, उत्तर प्रदेश के शानदार बनारसी सिल्क से लेकर तमिलनाडु के बेहद खूबसूरत कांजीवरम, असम के मोहक मुगा सिल्क तक हर हैंडलूम सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है।

पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेज (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष, पुनीत दास ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर देश का गर्व पहल के तहत टाटा टी प्रीमियम देश के निपुण कारीगरों, उनके समर्पण, कौशल और देश की सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को सम्मानित कर रहा है। इस अभियान में हर भारतीय को हमारे देश के विविध हैंडलूम्स को और देश के गर्व को बुनने वाले धागों को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

# रन ए माइल, बच्चों में स्वथ्य रहने की भावना रहे: प्रिंसिपल



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद**

**शिक्षा** ओर स्वाथ्य को लेकर छात्रों मे जागरूकता बनी रहे इस लिए समय -समय पर हरमान माइनार स्कूल इंस्टीटूशन ,के तहत चलने वाले। हरमान माइनर स्कूल,फरीदाबाद मे आज "रन ए माइल्स "मेराथन का आयोजन स्कूल ग्राऊंड मे किया, वही आस पास के कई अन्य स्कूलों के बच्चों, अभिभावकों,के साथ लगभग सेकड़ो बच्चों ने भी भाग लिया। यह दौड़ 5000, 2500, 1000 मीटर की रखी और,सफलता पूर्वक सम्पन हुई। मनोज अत्री फाउंडेशन आफ स्पोर्ट जोंन, मुख्य रूप से उपस्थित स्थानीय विधायक तिगाव, राजेश नागर, हरियाणा की शिक्षा निदेशिका देवोरोत्ती बोस,ए सी पी देवेंद्र यादव, समाज सेवकों,के साथ कई अन्य प्रमुख लोगों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया।राजेश यादव विधायक ने बताया की मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूमेंट को बढ़ावा देने के लिए स्कूल स्तर से लेकर उच्च शिक्षक संस्थानों मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये कई योजनाए बनाई गई है,हरमान माइनर स्कूल मे आज बच्चों द्वारा लगाई गई दौड़, बच्चों मे एकाग्रता का अवतरण होगा। उपस्थित शिक्षा निदेशिका देवोरत्ती बोस ने बताया कि आज शिक्षा के साथ स्वाथ्य के प्रति पूरे हरियाणा के स्कूलों में कई योजनए चलाई जा रही ,हरमान माइनार स्कूल मे आज रन ए माइल्स के आयोजन में स्कूल के साथ अन्य विद्यालय के बच्चों ने भी भाग लिया,ऐसे कार्यकर्मो को हरमान माइनार स्कूल निरंतर अपने स्तर से कई योजनाय चलता रहता हैं।

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं एवं पुलिस प्रशासन की ओर से समाजसेवी दीपक वोहरा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई । स्थित सेक्टर 8 चाणक्य पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर पौधा रोपण करते हुए एसआई विक्रम सिंह ने कहा कि दीपक वोहरा एक सामाजिक व्यक्ति हैं वह हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर खड़े रहते हैं उनके हर कार्य की मैं जितनी सराहना करू उतनी कम है उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में पर्यावरण का विनाश हो रहा है पेड़ पौधे ही धरती का श्रृंगार है मनुष्य के भौतिकवादी होने के कारण प्रकृति का आवश्यक से अधिक दहन किया जा रहा है जिसके कारण पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है हमें पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए हम पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना मात्र भी नहीं कर सकते । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाणक्य शाखा के वरिष्ठ स्वयंसेवक, पूर्व सेवा निर्मित हेडमास्टर राजकुमार ने बताया कि अब वक्त आ गया है जब आम आदमी को प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का जिम्मा लेना होगा हमें हमारे जन्मदिन पुण्यतिथि और प्रिय जनों की स्मृति में पौधारोपण करना चाहिए पौधे ही उपहार स्वरूप देने चाहिए इनसे हमारी आने वाली पीढ़ी के अंदर भी शर्म के प्रति निष्ठा की भावना जागृत होगी ।

इसी के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन से पहुंचे एसआई विक्रम सिंह,पत्रकार दीपक वोहरा ने समाजसेवी राजेंद्र सैनी , सेवा निर्मित मदनलाल , राजकुमार ,व अन्य समाज में जो लोग सेवा के कार्य कर रहे हैं उन्हें जन्मदिन के अवसर पर पौधा देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के चलते दीपक वोहरा ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों की कमी के चलते पर्यावरण भी असंतुलित हो रहा है। इसलिए प्राकृतिक आपदाओं से बचने व पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को खुशी के अवसर पर कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए ।

# छड़ियों के मेले का भक्तजनों में उत्साह : रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/**शाहबाद में गोगामेडी पर छडियो का मेले की शुरूआत की गई। कमेटी के प्रधान राम कुमार ने बताया कि हर वर्ष छड़ियों का मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है ।आज छड़ियों के मेले की शुरूआत में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा और वरिष्ठ समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने ज्योत प्रज्वलित कर और रिबन काटकर छड़ियों के मेले की शुरूआत हुई। कमेटी द्वारा स्वीटी रंगा और मिहा सिंह रंगा को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया । मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि शाहाबाद में छड़ीयो के मेले को धूमधाम से मनाया जाता है। शाहबाद के बाजार में सभी ने पवित्र छड़ियों के दर्शन किए ।हमें भी गोगामेडी पर पहुंचकर बाबा जाहरवीर जी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम प्रार्थना करते हैं की शाहाबाद नगर और आसपास के गांव में सुख शांति और भाईचारा रहे। समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज युवा साथी संकल्प लें कि नशे जैसे बीमारी को छोड़ कर अपने भविष्य को बनाए । रंगा ने बच्चों के माता-पिता से प्रार्थना की है कि वह अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाएं। इस अवसर पर प्रदीप तंवर सुलखनी, टिंकू भगत, राजेश भगत ,लवलेश टिंडल,टिंकू भट्टी ,प्रवीण ज्ञानी, शिवम, बिट्ठू, शोकी अनुज कुमार व काफी संख्या में मातृशक्ति ,प्यारे बच्चे, बुजुर्ग सम्मिलित रहे।

## संपादकीय

# देश की भावी पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना

**77वें** स्वतंत्रता दिवस पर भारत की एकता, अखण्डता को अक्षुण रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों, पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, सांस्कृतिक राजदूत साहित्यकारों को श्रद्धा से नमन करता हूं। एक विद्यार्थी के रूप में विश्व के अनेक देशों का भ्रमण करने का अवसर मिला तो मैंने पाया कि लगभग हर देश में मुझे दूर से ही भारतीय (इण्डियन) के रूप में पहचाना गया। अनेक स्थानों पर नमस्ते इण्डिया सुनने को मिला। जून, 2012 में विश्व फैशन नगरी मिलान (इटली) के पुराने किले कास्टेलो के निकट एक फव्वारे के पास बैठा अपने एक मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था कि अचानक नमो नमः सुनकर चौका। पलटकर देखा, हाथ जोड़े एक व्यक्ति कह रहा था, मेरे गुरुदेश भारत से पधारे बंधु आपको प्रणाम! उसका अभिवादन करते हुए मैंने उसका परिचय जानना चाहा। उसकी सुसंस्कृत हिन्दी ने मुझे गदगद कर दिया। उसके अनुसार, मैं इस्राइल का मूल निवासी हूं। मेरे माता-पिता ने मेरा नाम स्टीव रखा लेकिन मेरे गुरु ने मुझे शिव नाम दिया। अब मैं शिव ही हूं। भारत मेरा गुरु है। मैंने वहां से योग सीखा। योग ने मेरे जीवन को बदल दिया। इटली में योग सिखाता हूं। जब भी अवसर मिलता है अपने गुरुदेश जाता हूं। हर बार कुछ नया सीखकर लौटता हूं। आपको यहां देख मुझे बहुत प्रसन्नता हुई। आपको प्रणाम! हजारो मील दूर सात समुद्र पार, परदेश में एक अनजान व्यक्ति से ऐसे उद्गार प्राप्त करना रोमांचित करने वाला क्षण था। वास्तव में यह मेरा नहीं, मेरे देश का सम्मान था। हमारे पूर्वज ऋषियों और उनके द्वारा विकसित संस्कृति का अभिषेक था। भारत की गुरुता के प्रमाण रूपी ऐसे एक नहीं, हजारों बल्कि लाखों- करोड़ों उदाहरण यत्र-तत्र बिखरे हुए हैं। एक अन्य देश के अनुभव का स्मरण दशकों बाद आज भी मन-मस्तिष्क को असीमित उत्साह और ऊर्जा प्रदान करता है। एक बार सर्वत्र मांसाहारी भोजन के कारण बहुत समस्या हो गई तो किसी ने लगभग 10 किमी दूर इण्डियन रेस्टोरेंट की राह दिखाई जहां भारतीय भोजन उपलब्ध था। हम प्रतिदिन शाम को वहां जाते। अपने प्रवास की समाप्ति पर रेस्टोरेंट के स्वामी के मिलने पर यह जानना आश्चर्य हुआ कि वह भारत नहीं, पाकिस्तान से था। आपने अपने प्रतिष्ठान का नाम इण्डियन की बजाय पाकिस्तानी रेस्टोरेंट क्यों नहीं रखा? के जवाब में उसका कहना था, तब यहां कौन आया! उसके चार शब्द मेरे देश, मेरी जन्मभूमि की वह यशोगाथा है जिसका सम्मान भारत से हजार युद्ध करने का उद्घोष करने वाले भी करने को विवश हैं। परंतु यदा-कदा जब जब अपने ही देश में कुछ लोगों के मुख से इस महान धरा को काटने अथवा बांटने की बात सुनता हूं तो मन आक्रोश से भर उठता है। समाजशास्त्रियों की विवेचना के अनुसार आत्मगौरव विहीन इन लोगों को यदि सही समय पर राष्ट्रीय चेतना से परिचित कराया जाता तो वे भ्रमक प्रचार के शिकार हो टुकड़े-टुकड़े गैंग में कदापि शामिल नहीं होते। दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक एक स्वर में बताते हैं कि श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करने का सही समय बचपन ही हो सकता है। केवल भारत ही नहीं, दुनिया का हर विवेकशील राष्ट्र अपने भावी कर्णधारों को स्कूली शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति के गुणों से भी समृद्ध करने का प्रयास करता है। जापान का वह प्रसंग सर्वविदित है जब स्वामी रामतीर्थ वहां के एक विद्यालय में गए।

# अविश्वास प्रस्ताव पर धराशायी हो गया एकजुट विपक्ष

डॉ उमेश प्रताप वत्स

> इस कालखंड का पुरूषार्थ, किया जा रहा कार्य आने वाले एक हजार वर्ष के लिए भारत के भविष्य की नींव तैयार करेगा , इसकी दिशा तय करेगा। आज भारत के युवा पीढ़ी का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। भारत के युवाओं को घोटालों से रहित सरकार मिली है, जो भारत की बिगड़ी हुई साख को संभालकर, संवारकर उसे विश्व में नये कीर्तिमान के साथ स्थापित कर रही है। विपक्ष ने निसंदेह अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता का आत्मविश्वास तोड़ा है। जबकि हमने देश के लिए स्वयं को खपाया है । प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा एक-एक पल , एक-एक क्षण , पूरा जीवन देश की जनता के लिए समर्पित है , हम अंतिम क्षण तक देश की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे कार्यकाल में नीतिआयोग के अनुसार साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं

**केन्द्र** सरकार के लिए चुनाव मुहाने खड़ा है, ऐसे में चुनावी योद्धाओं की तरकश में जितने तीर हैं सबका बारी-बारी प्रयोग हो रहा है । विपक्ष के योद्धा कोई नया शस्त्र प्रयोग करते हैं तो पक्ष के योद्धा भी अपने धारदार शस्त्र से उसे निष्क्रिय कर देने में एक क्षण की भी देरी नहीं करते। भारत जोड़ों यात्रा से जो वातावरण निर्मित हुआ उसने कांग्रेस के नेताओं में जोश तो भर दिया किंतु मणिपुर हिंसा के बाद उस उत्साह को संभालने में कहीं न कहीं शीर्ष नेताओं से भी कोताही दिखाई देती है , तभी तो मणिपुर की आड़ में देशभर में कांग्रेस सहित विपक्ष ने जो भूमिका अदा की उससे न तो देश की जनता में विपक्ष को लेकर कोई हमदर्दी हुई और न ही कोई राजनैतिक लाभ मिलते दिखाई दे रहा है । मणिपुर हिंसा के नाम से विपक्ष जिस मोदी की चुप्पी तुड़वाने को ही अंतिम लक्ष्य की तरह मान बैठा था , उस मोदी ने जब चुप्पी तोड़ी तो चुप्पी तुड़वाने वाले सारे योद्धा चुपचाप सदन से बाहर खिसक लिये। बेशक बाद में यह कहने का प्रयास किया गया कि सदन से बाहर जाने का मतलब सरकार से असहमति थी, विरोध जताना था । जबकि सभी जानते हैं कि इतने दिनों से प्रधानमंत्री के बोलने की इंतजार हेतु ही सारा राजनैतिक चक्र चलाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री मणिपुर पर कुछ भी ऐसा बोले जिसे हाथों-हाथ पकड़कर मोदी के बहाने सरकार को घेरा जाये और आने वाले चुनावों में सत्ता सुख का आन्नद लेने के लिए मार्ग प्रशस्त हो । इस योजना के तहत देश के गृहमंत्री द्वारा मणिपुर पर पूरी स्थिति स्पष्ट करने के बावजूद नहीं स्वीकारा गया। उनकी बातों को अनसुना कर एक ही रट लगाई गई कि यह संसद गृहमंत्री को नहीं प्रधानमंत्री को सुनना चाहती है और जब तीसरे दिन प्रधानमंत्री जी ने बोलना प्रारंभ किया तो लगभग डेढ़ घंटे के बाद स्वयं को ठगा सा महसूस कर सारा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया। प्रधानमंत्री ने पहली पंक्ति में ही पूरे भाषण का तात्पर्य स्पष्ट कर दिया जिसकी विपक्ष को एक प्रतिशत भी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के द्वारा लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव देश व हमारी सरकार के लिए एक सुअवसर लेकर आया है । आज हमें संसद के माध्यम से देश को यह बताने का अवसर मिला है कि हमने पिछले नौ वर्ष में क्या किया है । मणिपुर हिंसा की वास्तविकता क्या है और हमने शांति बहाली के क्या प्रयास किये हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत समय से विपक्ष के नेता संसद के अंदर बैठने की अपेक्षा संसद से बाहर



बैठकर विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं और बहुत ही कम सांसद पूरा समय संसद में उपस्थित रहें हैं । आज सभी सांसद भी है , सांसदों की मांग भी है और अवसर भी है क्यों न हम इस अवसर का लाभ उठाकर विपक्ष के षडयंत्रों को देश के सामने विस्तार से रखें । उन्होंने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव 2018 में भी विपक्ष के साथी लेकर आये थे। तब उनके पास जितने कुल सांसद थे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में उतने भी वोट नहीं पड़े थे। हमारे लिए विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमेशा शुभ होता है। 2018 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद हमारी सरकार पहले से भी ज्यादा आंकड़े के साथ सत्ता में आई और तब मैनें यह भविष्यवाणी की थी कि 2024 के चुनावों से पहले भी विपक्ष 2023 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आयेगा और हम 2024 में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़कर सरकार बनाएंगे । प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संसद में बहुत ही महत्वपूर्ण बिल आ रहे थे तो अधिकतर विपक्ष संसद से गायब ही रहता था। विपक्ष ने कभी गरीब , आदिवासी ,दलित ,पिछड़ों के लिए लाये गये बिलों पर गंभीरता नहीं दिखाई। मणिपुर में जातीय व क्षेत्रीय हिंसा से जो जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है और मणिपुर जल रहा है , जिसे शांत करने के लिए केन्द्र सरकार मणिपुर सरकार के साथ मिलकर हर संभव प्रयास कर रही है । ऐसे गंभीर , नाजुक समय में सहयोग करने की अपेक्षा विपक्ष ने यह अविश्वास प्रस्ताव लाकर देश की प्राथमिकता को अनदेखा कर देश के साथ विश्वासघात किया है। जनता के विश्वास को चकनाचूर किया है। देश की जनता के लिए विपक्ष को जहां विकास के लिए प्रश्न करने चाहिए थे वहां ये अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं। मोदी ने कहा कि बिना किसी विजन के केवल दिल्ली के अपने कट्टर भ्रष्ट साथी की शर्त पर अविश्वास प्रस्ताव लाना अदूरदर्शिता का परिचय देता है । बिना तैयारी के 2018 के बाद एक बार फिर विपक्ष 2023 में फिर अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। प्रस्ताव के पक्ष में बोलने के लिए विपक्ष ने कोई तैयारी नहीं की। विपक्ष ने देश को निराशा के सिवाय कुछ नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि

**जिनके खुद के बही खाते बिगड़े हुए हैं।**
**वे भी हमसे हमारा हिसाब लिए फिरते हैं।।**

अविश्वास प्रस्ताव पर वरिष्ठ नेता ही शुरूआत करते हैं किंतु इस बार प्रतिपक्ष नेता के रूप में ना अधीर रंजन बोले और प्रधानमंत्री की रेस में अग्रणी ना राहुल ने शुरूआत की। अपने नौ वर्ष के कार्य ध्यान कराते हुए प्रधानमंत्री बोलें कि देश में कुछ समय के बाद ऐसा इतिहास का कालखंड आता है, जो पुरानी दकियानूसी की दीवारें गिराकर नया इतिहास रचने के लिए आगे बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि इस कालखंड का पुरूषार्थ, किया जा रहा कार्य आने वाले एक हजार वर्ष के लिए भारत के भविष्य की नींव तैयार करेगा , इसकी दिशा तय करेगा।

आज भारत के युवा पीढ़ी का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। भारत के युवाओं को घोटालों से रहित सरकार मिली है, जो भारत की बिगड़ी हुई साख को संभालकर, संवारकर उसे विश्व में नये कीर्तिमान के साथ स्थापित कर रही है । विपक्ष ने निसंदेह अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता का आत्मविश्वास तोड़ा है। जबकि हमने देश के लिए स्वयं को खपाया है । प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा एक-एक पल , एक-एक क्षण , पूरा जीवन देश की जनता के लिए समर्पित है , हम अंतिम क्षण तक देश की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे कार्यकाल में नीतिआयोग के अनुसार साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं । आइएम ने कहा कि भारत ने अति गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि स्वच्छता अभियान से तीन लाख लोगों की जान बची है और

यूनिसेफ के अनुसार दवाई आदि में खर्च होने वाले जनता के लगभग साढ़े चार लाख रुपये बचे हैं। विपक्ष के द्वारा काले कपड़े पहनकर संसद में आने पर भी मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि जिस प्रकार शुभकार्य के लिए नजर बट्ठू लगाया जाता है , उसी तरह सरकार के द्वारा संसद में विकास हेतु नई-नई योजनाओं पर सासंदों का काला लिबास नजर के टिक्के के समान है। उन्होंने कहा कि आज विरोधियों का सबसे पसंदीदा नारा बन गया है मोदी तेरी कब्र खुदेगी , आज नहीं तो कल खुदेगी।

प्रधानमंत्री के अनुसार उन्हें भगवान से यह सीक्रेट वरदान मिला हुआ है विपक्ष जिसका बुरा चाहता है उसका भला ही होता है । उदाहरण के लिए मोदी का भला हुआ , बैंकिंग सैक्टर को कोसा कि बर्बाद हो गया जबकि बैंकों का लाभ दोगुणा हुआ। एचएएल पर बहुत गलत बोला कि तबाह हो गया ,यह डूब रहा है , मजदूरों को भड़काया गया कि इंडस्ट्रीज खत्म हो गई है किंतु आज एचएएल की स्थिति सुदृढ़ है ,वह आबाद है , सफलता की बुलंदियों को छू रहा है , देश की आन-बान-शान बना हुआ है । एलआईसी के बारे में गलत प्रचार किया गया कि आम जनता का पैसा डूब गया है किंतु आज एलआईसी निरंतर बढ़ रही है , लगातार चमक रही है । मोदी ने भविष्यवाणी की, हमारी सरकार की तीसरी पारी में देश की आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी जो कि विश्व में तीसरे नम्बर पर आ जायेगी । इस पर भी विपक्ष कहता है कि तीसरे नम्बर पर तो बिना कुछ करें ही पहुंच जायेंगे। बिना कुछ किये तो टुकड़ा भी मुँह में नहीं जाता। इनके पास ना नीति है , ना नीयत है और ना समझ है।

बिना कुछ करें सोते-सोते ऐसे ही तीसरे नम्बर पर पहुंच जायेंगे विपक्ष कैसी अनुभवहीन बातें कर रहा है जबकि कठोर परिश्रम के बाद स्थिति बदलती है , जिसके जरिए हम तीसरे नम्बर पर पहुंच पायेंगे ।

## कविता

### ईश्वर का हर पल करो वंदन अभिनंदन

जरा विचार कीजिए
आपके पसंद करने न करने से
मैं आदमी न रहकर
छोटा जीव जंतु या चौपाया
हो जाऊंगा ,
और आपकी पसंदगी से
मैं आदमी से ईश्वर
हो जाऊंगा
या मेरी काया महामानव
में रूपांतरित हो जाएगी।
ईश्वर ने मानव बना कर भेजा है
मानव बन कर संसार में
आए हैं तो
अपनी बुद्धि और आत्मा को
शुद्ध और ताजी हवा और
विचारों के झोंकों से
थोड़ा शुद्ध कर लो।
मानव की मानव सेवा
से ही परमार्थ होता है,
किसी की पसंदगी या
नापसंदगी से मानवीय
स्वरूप बदला नहीं करता,
हां ना पसंदगी, विरोध और
घृणा से मस्तिष्क में
मनोरोग की व्याधि जरूर

संजीव

## ड्रैगन की दरबार में हाहाकार

**किशन भावनानी गोंदिया**

**भारत में** 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्जा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत-अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे हैं झटके पे झटका! वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा।

## विचार

# बदलेंगे अंग्रेजों के जमाने के कानून

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**11 अगस्त** 2023 को ब्रिटिश काल के 164 साल पुराने कानूनों को बदलने के लिए तीन नए विधेयक संसद में पेश किए गए। प्रतिस्थापित किए जाने वाले तीन कानून हैं - भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। पेश किए जा रहे तीन नए विधेयक हैं भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक। "जिन कानूनों को निरस्त किया जाएगा... उन कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन की रक्षा करना और उन्हें मजबूत करना था, विचार दंडित करना था न कि न्याय देना। उन्हें प्रतिस्थापित कर-के, नए तीन कानून लोगों के अधिकारों की रक्षा करने की भावना लाएंगे।"

इसका उद्देश्य सजा देने के बजाय न्याय प्रदान करना है। ये "आतंकवाद, मॉब-लिंचिंग और महिलाओं के खिलाफ अपराध" जैसे मुद्दों को संबोधित करेंगे। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली, जिसने 1860 से 2023 तक ब्रिटिश-निर्मित कानूनों का पालन किया है, महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है क्योंकि तीन कानूनों को बदलने की योजना है। यह बदलाव देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। भारतीय संहिता सुरक्षा विधेयक की धारा 150 राजद्रोह की वैकल्पिक सजा को 3 से 7 साल तक बढ़ाने के लिए भारत के विधि आयोग की सिफारिश पर विचार करती है। आयोग ने देश की सुरक्षा और एकता को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए 153 साल पुराने राजद्रोह कानून को बरकरार रखने का सुझाव दिया है। आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह कानून) को भी संशोधित कर आयोग राजद्रोह कानून को बदलने का प्रस्ताव करता है, जो वर्तमान में आजीवन कारावास या 3 साल तक की सजा की अनुमति देता है, वैकल्पिक रूप से 7 साल की सजा। इससे अदालतें गंभीरता के आधार पर दंड तय कर सकेंगी।

मॉब लिंचिंग पर एक नए प्रावधान से, सात साल की कैद या आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान; वीडियो ट्रायल, एफआईआर की ई-फाइलिंग के माध्यम से त्वरित न्याय को सक्षम करना; राजद्रोह की परिभाषा का विस्तार; भ्रष्टाचार, आतंकवाद और संगठित अपराध को दंडात्मक कानूनों के तहत लाना; सजा के नए रूपों के रूप में सामुदायिक सेवा और एकांत कारावास की शुरूआत करना; किसी अभियुक्त की अनुपस्थिति में सुनवाई करना; और "कपटपूर्ण तरीकों" का उपयोग करके यौन संबंधों से संबंधित महिलाओं के खिलाफ अपराध के दायरे का विस्तार करना - नए विधेयक आपराधिक न्यायशास्त्र में महत्वपूर्ण बदलाव प्रदान करते हैं। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 44 भीड़ के हमलों जैसे घातक हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा की अनुमति देती है। धारा 31 कहती है कि नेक इरादे से संचार के माध्यम से अनजाने में नुकसान पहुंचाना अपराध नहीं है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यदि आरोपी मुकदमे के दौरान अधिकतम सजा की आधी सजा काट लेता है तो उसे जमानत मिल जाती है। कुछ अपराधों का लक्ष्य लिंग-तटस्थ होना है। भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। इन विधेयकों के आने से देश की न्यायिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा। आपराधिक न्याय प्रणाली ब्रिटिश औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति है, जिसे राष्ट्र पर शासन करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था, न कि नागरिकों की सेवा करने के लिए। आपराधिक न्याय प्रणाली का उद्देश्य निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा करना और दोषियों को दंडित करना था, लेकिन आजकल यह प्रणाली आम लोगों के उत्पीड़न का एक साधन बन गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, न्यायिक प्रणाली में, विशेषकर जिला और अधीनस्थ अदालतों में लगभग 3.5 करोड़ मामले लंबित हैं, जो इस कहावत को चरितार्थ करता है कि "न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है।" भारत में दुनिया के सबसे अधिक संख्या में विचाराधीन कैदी हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)-प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया के अनुसार, हमारी कुल जेल आबादी का 67.2% विचाराधीन कैदी हैं। भ्रष्टाचार, भारी काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही त्वरित और पारदर्शी न्याय देने में बड़ी बाधा है। माधव मेनन समिति ने 2007 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली (सीजेएसआई) में सुधारों पर विभिन्न सिफारिशें सुझाई गईं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# बीवी होती है पति के जीवन की अंतिम गुरु

**नवेन्दु उन्मेष**

**आदमी का** अपने जीवन में कई तरह के गुरुओं से पाला पड़ता है। आदमी जैसे-जैसेअपने जीवन में आगे बढ़ता जाता है वैसे-वैसे गुरु भी बदलते जाते हैं। कहा जाता है कि बच्चे के लिए मां प्रारंभिक गुरु होती है। मां बच्चे को घर पर जीवन के कायदे कानून और संस्कृति की जानकारी देती है। मां बच्चे को चलना-फिरना, बोलना-बतियाना सिखाती है। यहां तक की समाज में उठना-बैठना भी सिखाती है। बच्चा जब स्कूल जाता है तो स्कूल में उसे एक अलग प्रकार के गुरु के दर्शन होते हैं। वह गुरु उसे पढ़ना-लिखना सिखाता है जो उसके जीवन का मुख्य आधार होता है। उसी गुरु के मार्गदर्शन में बच्चा प्रतियोगिता की भावना ने ओतप्रोत होता है और क्लास में अच्छे परिणाम लाता है। बच्चे के परिणाम से गुरु भी खुश होता है और बच्चा भी। पिता भी बच्चे का एक गुरु होता है जो बच्चे को जीवन में सफलता के लिए कई प्रकार की जानकारियां देता है। इसी लिए कहावत भी है बाढ़े पूत पिता के घर में। कई लोगों को अकसर आपने कहते सुना होगा कि यह बच्चा ठीक अपने पिता पर गया है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि पिता के नैतिक और अनैतिक कार्य में बच्चा भी बड़ा होकर सहभागी हो जाता है। जब बच्चा बड़ा होकर किसी नौकरी में आता है तब उसे काम सिखाने वाला भी गुरु होता है। यह गुरु उसे आफिस के कल्चर को सिखलाता है। आफिस में कैसे काम करना है। आफिस में लोगों से किस प्रकार बातें करनी है। आफिस में आने वाले लोगों से किस प्रकार मिलना है। यह सब आफिस के गुरु सिखाते हैं। गुरुदीक्षा देने वाले भी एक प्रकार के गुरु होते हैं जो आदमी को मठ और विभिन्न प्रकार की धार्मिक संस्थाओं से जोड़ते हैं। वैसे पुस्तके भी गुरु होती हैं। जो मनुष्य को ज्ञान देने का काम करती हैं।

इनदिनों तो सोशल मीडिया के फेसबुक और वाट्सएप भी डिजिटल गुरु हो गये हैं। इसमें पाये जाने वाले गुरु भी लोगों को बताते हैं कि कैसे एक-दूसरे से प्यार करना है। यहां तक कि नफरत फैलाने की भी जानकारी देते हैं। इन गुरुओं की वजह से कई शहरों में दंगे भी हो चुके हैं। इन गुरुओं की वजह से नेताओं को वोट भी मिलते हैं।

## हमारा तिरंगा हमारा स्वाभिमान

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**राष्ट्रीय** ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दशार्ती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित चक्र अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के चक्र का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### आज नहीं लगेगी कोसीकला की पशु पैंठ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकला की विशाल पशु पैंठ इस रविवार को भी नहीं लेगी। यह लगातार दूसरा रविवार है जब नगर पालिका प्रशासन ने पशु पैंठ को नहीं लगाने का फैसला किया है। हालांकि नगर पालिका अध्यक्ष ने पशु व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि अगली बार से पैंठ विधवतरूप से लगेगी। हरियाणा के नूंह मेवात में हुए दंगों के बाद पूरी सतर्कता बरती जा रही है। कोसीकला की पशुपैंठ बडी है और पैंठ में दूर दराज से पशु व्यापारी पहुंचते हैं। किसी पशु व्यापारी कोई परेशानी न हो इसके लिए कोसीकला नगर पंचायत ने एहतियाती कदम उठाया है। किसी कला का क्षेत्र हरियाणा के बार्डर से लगता है। नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने पालिका के कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया। पिछले रविवार को भी पशु पैंठ को स्थगित कर दिया गया था। धर्मवीर अग्रवाल ने लोगों से अपील की है कि वह किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और असामाजिक तत्वों की गतिविधि पर नजर रखें। असामाजिक तत्वों की पुलिस को तत्काल सूचना दें। उन्होंने कहा कि व्यापारी परेशान न हों अगले रविवार से विधवत पैंठ लगेगी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोवर्धन क्षेत्र के अडींग बाईपास अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति में टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। स्वजन ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को प्रहलाद सिंघल पुत्र परसोती उम्र करीब 55 वर्ष निवासी अडींग रोजाना की तरह अडींग बाईपास पर अपने एक साथी मनोज के साथ टहलने गए। प्रह्लाद नित्य क्रिया करने के लिए बाईपास पर रुक गए। तभी प्रह्लाद में गोवर्धन की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे प्रह्लाद की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर को देख उसका साथी मनोज ने घटनास्थल की ओर दौड़ लगाई तो वहां हादसे को देख मनोज के पैरों तले जमीन खिसक गई। जिसकी सूचना साथी मनोज ने परिजनों को दी। परिजन उसे मथुरा के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में गांव आकर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### भूमि प्रबंधक समिति की बैठक 16 को

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम पंचायत नौहझील में भूमि प्रबंधक समिति की बैठक पूर्व एजेंडा मुनादी अनुसार आगामी 16 अगस्त को पंचायत घर नौहझील पर सुबह 11 बजे प्रधान प्रशांत गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। जानकारी देते हुए प्रधान प्रशांत गुप्ता ने बताया कि आवास, कृषि, वृक्षारोपण,कम्हारीकंला आदि के आवंटन पर विचार विमर्श किया जाएगा। समस्त ग्राम वासियों से पहुंचने की अपील की गई है।

### देशी शराब बेचता युवक गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन थाना क्षेत्र के मडौरा बंबा की पटरी पर पुलिस ने देशी शराब बेचते युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई विनोद कुमार व एसआई राजीव गौतम देवसेरस से मडौरा जाने वाली बंबा की पटरी से जहरी उर्फ साबुद्दीन निवासी देवसेरस को 22 पव्वा देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित को संबंधित धारा में जेल भेजा गया है।

### शराबी दोस्तों की यारी अंगद को पडी भारी, जान गंवाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अंगद को शराबी दोस्तों की यार भारी पड गई। दोस्तों ने ही अंगद की हत्या कर शव को मोतीझील के निकट निमार्णाधीन आश्रम के पास फेंका था। पुलिस ने अंगद की मौत का यही खुलासा किया है। करीब दो सप्ताह पूर्व एक युवक की हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने श्रीपाद बाबा धर्मशाला के पीछे निमार्णाधीन रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। 27 जुलाई को मोतीझील के निकट निमार्णाधीन एक आश्रम के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए। वहीं अगले दिन अज्ञात शव की जानकारी लगने पर पोस्टमार्टम गृह पहुंचे जीतू पुत्र अशोक निवासी गांव गढ़सौली थाना बल्देव ने शव की शिनाख्त अपने भाई अंगद (28) के रूप में की। जीतू ने बताया कि उसका भाई वृंदावन में मजदूरी करता था।

# व्यापारियों का बिजली घर पर प्रदर्शन, बुलानी पड़ी पुलिस

**विरोध प्रदर्शन**

**8 -व्यापारियों ने लगाया विद्युत विभाग के जेई पर अभद्रता का आरोप- पुलिस और विद्युत विभाग के एसडीओ ने समझा बुझाकर किया शांत**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शनिवार की दोपहर को वृंदावन के रंगजी के बगीचा स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय पर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल वृंदावन इकाई के व्यापारी एवं पदाधिकारियों के द्वारा विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी और अध्यक्ष आलोक बंसल के द्वारा विद्युत विभाग के एसडीओ संदीप वार्ष्णेय के कार्यालय पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही साथ ही सभी व्यापारियों के द्वारा विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। व्यापारियों की विद्युत विभाग के जेई नोकझोंक भी हुई। इस दौरान व्यापारियों ने विद्युत विभाग के जेई पर अभद्रता करने का आरोप भी लगाया।
व्यापारियों का कहना है कि जब विरोध प्रदर्शन करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यालय पर पहुंचे, तो मौके पर कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी के रूप में जेई मौजूद थे। लेकिन उन्होंने व्यापारियों से अभद्रता की। साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा इस विरोध प्रदर्शन की सूचना पुलिस को भी दे दी गई। जिसके बाद मथुरा गेट चौकी प्रभारी दीपक तिवारी, एसआई प्रबल प्रताप सिंह, एसआई अशोक कुमार मौके पर पहुंच गये। उनके द्वारा व्यापारियों को समझाकर मामले को शांत कराया। व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि इन दिनों विद्युत विभाग के द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। विद्युत विभाग के द्वारा कई घंटे तक विद्युत कटौती की जाती है। जिसकी पहले से कोई भी सूचना नहीं दी जाती है। जिसके चलते व्यापारियों का काफी नुकसान हो रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग से व्यापार मंडल पहले भी शिकायत कर चुका है, लेकिन उसके बावजूद भी व्यापार मंडल की मांगे पूरी नहीं की गई है। वही साथ ही अध्यक्ष धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि विद्युत विभाग में कई अधिकारी तो शालीन है, लेकिन कुछ अधिकारी लोगों के साथ हमेशा ही अभद्रता का प्रयोग करते हैं। साथ ही इस मौके पर बोलते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ संदीप वार्ष्णेय ने कहा कि आज व्यापारियों के द्वारा प्रदर्शन किया गया है। उनकी सभी मांगों को सुना गया है। साथ ही उनकी मांगों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। वही संदीप वार्ष्णेय ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना आरडीएसएस के तहत वृंदावन में पुराने और जर्जर पड़े तारों की मरम्मत एवं नए तार लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते विद्युत कटौती की जा रही है, लेकिन व्यापारियों के सहूलियत को देखते हुए मरम्मत एवं नए तार लगाने का कार्य सुबह किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के द्वारा की गई हर कटौती की सभी को पहले ही सूचना दे दी जाती है।

> जिस तरह से व्यापारियों ने आज प्रदर्शन किया है, यदि उनके द्वारा इस तरह की पुनरावृत्ति की जाएगी, तो विद्युत विभाग को पुलिस कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ेगा।
> **- संदीप वार्ष्णेय, एसडीओ**

## राजमार्ग पर जल निकासी करने वालों पर कार्रवाई



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसाती पानी की निकासी को लेकर प्राधिकरण की टीमें अब एक्शन मोड में आ गई हैं। चेतावनी के बावजूद हाईवे पर अलग अलग जगह पानी निकाल रहे लोगों पर शनिवार को छापा मार कार्रवाई की। टीम को देखकर लोग तो भाग निकले, जिसके बाद टीम वहां से पाइपों को जब्त कर लाई। मामले में अब कानूनी कार्रवाई करने के मूड में हैं। जिससे हड़कंप मच गया है। बताते चलें कि राजमार्ग पर हाईवे किनारे बसी कालोनियों के लोग पानी निकासी कर रहे हैं। जिसकी सूचना मिलने पर प्राधिकरण की टीमें विशेष तोर पर लगाई गईं। उन्होंने ऐसे स्थानों का चयन कर लोगों को पुनः पानी को हाइवे पर नहीं निकालने की चेतावनी दी थी। बावजूद उसके दूसरे ही दिन हाइवे किनारे कई जगह पर पानी निकाले जाने की सूचना मिली। जिस पर दिल्ली आगरा टोल रोड के अंतर्गत काम करने वाली क्यूब हाइवेज की टीमों ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीमों को अलग अलग कई जगहों पर जल निकासी होती मिली । जिस पर हाईवे की टीमों ने कार्रवाई का प्रयास किया। लेकिन पानी निकासी करने वाले लोग वहां से फरार हो चुके थे। टीम ने वहां से पानी निकासी के लिए लगाई गई पाइप लाइनों को जब्त कर लिया। टीम के घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने बताया कि हाईवे पर पानी निकासी करना बेहद चिंताजनक मामला है। इसको लेकर टीमें बेहद सर्तक हैं। लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई की जा रही है।

## चोरों ने प्रापर्टी डीलर के ऑफिस को बनाया निशाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा नौहझील में चोरों ने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। मगर इलाका पुलिस का रवैया चोरों को पकड़ने में सुस्त दिखाई दे रहा है। कस्बा में बाजना रोड़ पर प्रापर्टी डीलर आजाद मलिक उर्फ लाठू का ऑफिस स्थित है।वह शाम सात बजे ऑफिस बंद कर घर चले गए।बीती रात अज्ञात चोरों ने ऑफिस का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और उसमें रखी अलमारी का ताला तोड़कर बीस हजार रुपए कि नगदी सहित चोर कमरे में लगी एलईडी टीवी व गाड़ी की बैटरी को भी चोर चोरी कर फरार हो गए। घटना को अंजाम देते वक्त चोरों का स्मार्टफोन वहीं रह गया। सुबह आजाद मलिक जब ऑफिस पहुंचे तो ताला टूटा देख दंग रह गए।

## अब बरसाना में भी वीक एण्ड पर पैदा हो रही जाम की समस्या



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अधिक मास की एकादशी के पावन पर्व तीर्थ नगरी बरसाना में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसके चलते शनिवार को चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। श्रद्धालुओं के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। शनिवार को एकादशी के पावन पर्व के चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम बरसाना में उमड़ रहा था। जिसके चलते संकेत गांव से लेकर बरसाना तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। करीब चार किलोमीटर के इस लंबे जाम में श्रद्धालुओं के वाहन घंटों फंसे रहे। जाम की स्थिति कस्बे में भी देखने को मिली। लोग बड़ी मुश्किल से पैदल चल पा रहे थे। कस्बे में भी राणा की प्याऊ से लेकर नया बस स्टैंड, प्रिया कुंड मार्ग गोवर्धन बाईपास मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतार लग गयी। कस्बे में अक्सर शनिवार व रविवार को जाम लग जाता है। जाम का मुख्य कारण नगर पंचायत द्वारा पार्किंग व्यवस्था न होना है। भले ही ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बरसाना में की गई, लेकिन जाम से निजात तब भी नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे में वाहनों की नो एंट्री होनी चाहिए। जिससे जाम की समस्या खत्म हो सके। श्रद्धालुओं के वाहनों को कस्बे से बाहर पार्किंग स्थल बनाकर रोका जाए।

# सरकार को भेजा जाएगा बकरी पालन से आमदनी बढ़ाने का मसौदा

**मसौदा**

**8 -केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में ब्रेन स्टॉर्मिंग के बाद तैयार किया गया है मसौदा**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बकरी पालन से आय वृद्धि का मसौदा केन्द्र और राज्य सरकारों को भेजा जाएगा। केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में ब्रेन स्टॉर्मिंग के बाद यह मसौदा तैयार किया गया है। केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में बकरियों की उत्पादकता बढ़ाने एवं नस्लों के संवर्धन के लिए विचार मंथन (ब्रेन स्टॉर्मिंग) का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से बकरियों की विभिन्न नस्लों में क्षेत्र विशेष की जलवायु खाद, उपलब्ध बाजार, मांग, जलवायु परिवर्तन नस्लों के आधार एवं उपयोगिता के अनुरूप उत्पादकता बढ़ाने की संस्तुति की गई। जिन बकरियों की नस्ल की जनसंख्या में कमी हो रही है, उनके कारणों को दूर करते हुए अलग से नस्ल सुधार योजना बनाने की संस्तुति की गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पशु पालन कमिश्नर भारत सरकार डॉ. अभिजीत मित्रा, सम्मानित अतिथि डॉ एके गहलोत, विख्यात पशुपालन नीति निमार्ता एवं कुलपति राजूवास बीकानेर डॉ. जीके गहलोत, डॉ प्रमोद रावत, डॉ विनीत भसीन, डॉ डीवी सिंह, डॉक्टर सतेंद्र सिंह तोमर, सलाहकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन) संस्थान के वैज्ञानिक एवं पशु पालक नीति निमार्ता दीपक पाटीदार, पशु वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील बकरी पालकों ने भी ऑनलाइन वर्चुअल मूड के माध्यम से अपने सुझाव प्रेषित किए। संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेतली ने इस आयोजन में भाग ले रहे प्रतिभागियों का स्वागत करने के उपरांत देश में बकरी पालन के प्रबंधन,उपयोगिता, सुधार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. वीके तनेजा, पूर्व डीडीजी, पूर्व एएचसी, पूर्व वीसी गडवासु ने अपनी ऑनलाइन प्रारंभिक टिप्पणी में दूध एंव मांस के उद्देश्य के आधार पर अलग से नस्ल के विकास पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनोज कुमार सिंह ने भारत में पाई जाने वाली नस्लों एवं उनकी उत्पादकता बढ़ाने व नस्ल के संवर्धन से संबंधित समस्याओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। इस कार्यक्रम में 135 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## उत्तर भारत में मानसून की वर्षा पर मजबूत हुआ अल नीनो का प्रभाव

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर भारत में अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ)का प्रभाव हाल के दशकों में बढ़ा है, जबकि मध्य भारत, जिसे कोर मानसून क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, उसके लिए संबंध कम हो गया है। दक्षिण भारत में ईएनएसओ-मानसून संबंध में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है। यह जानकारी शनिवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम विज्ञानी डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि 2023 के अल नीनो वर्ष होने की वजह से मानसून सामान्य या इससे कम रहने का अनुमान था लेकिन इसके उलट वर्षा सामान्य से अधिक चल रही है। उत्तर भारत में मानसूनी वर्षा पर अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ) का प्रभाव हाल के दशकों में असाधारण रूप से मजबूत हुआ है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि उत्तर भारत में मानसूनी वर्षा पर अलनीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ) का प्रभाव हाल के दशकों में असाधारण रूप से मजबूत हुआ है, जबकि मध्य क्षेत्र के लिए यह कमजोर हो गया। मौसम वैज्ञानिक बताते है की वर्ष 1901 से वर्ष 1940 तक यह मजबूत हुआ, वर्ष 1941 से वर्ष 1980 तक स्थिर रहा, वर्ष 1981 के बाद से यह कमजोर हो गया। ईएनएसओ-मानसून संपर्क में यह परिवर्तन पूरे देश में एक समान नहीं है।
जलवायु वैज्ञानिकों क्या है मत
भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे के जलवायु विज्ञानी के नए अध्ययन के मुताबिक यह वह क्षेत्र हैं, जहां कृषि और आजीविका काफी हद तक मौसमी वर्षा पर निर्भर है।

## पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपी पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना राया पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से लूट घटना को अंजाम देने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय किशोर के मुताबिक अजीत कश्यप पुत्र रामवीर निवासी फरसौटी थाना मुरसान, मोहित पुत्र ज्वाला सिंह निवासी बिचपुरी थाना मुरसान तथा चिन्टू पुत्र सुरेशचन्द निवासी पोखर वाला मोहल्ला थाना मुरसान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक मोबाइल, एक हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। तीनों युवकों को ककरेटिया बम्बा से गिरफ्तार किया गया। 22 जुलाई को नेत्रपाल पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम हयातपुर थाना जमुनापार जावरा मांट से फील्ड का कार्य करके नहर के रास्ते अपने गांव की तरफ लौट रहे थे।

# विशेष लोक अदालत में 119 वादों का निस्तारण



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विशेष अदालत में 119 वादों का निस्तारित किया गया। महीने के द्वितीय शनिवार को धारा 138 एन.आई. एक्ट के अधिकतम वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग ने जनपद न्यायालय के केंद्रीय कक्ष में मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर जिला जज मनोज कुमार मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, संजय चैधरी, रामराज, नितिन पाण्डेय, पूनम पाठक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज नीरू शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, सिविल जज (सी.डि.) सुश्री रूचि तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सोनिका वर्मा, पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त न्यायालय लाल बहादुर सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, पराविधिक स्वयंसेवक, पक्षकार आदि उपस्थित रहे। इस विशेष लोक अदालत में धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित 1234 वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये थे, जिनमें से 119 वादों का निस्तारण कर 4,36,54,601 रुपये की धनराशि पीड़ित पक्षकार को भुगतान किये जाने के आदेश पारित किये गये। विशेष लोक अदालत के अंत में अपर जिला जज, नोडल अधिकारी विशेष लोक अदालत अभिषेक पाण्डेय तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरु शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# मेरी माटी मेरा देश अभियानः माटी को नमन, वीरों का वंदन



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
76 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बहादुर सैनिकों को सम्मानित करने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, अति विशिष्ट सेवा मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग स्ट्राइक वन द्वारा मथुरा में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में सेवारत सशस्त्र बलों के सैनिकों और उनके परिवारों, वीरता पुरस्कार विजेताओं सहित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों सैनिकों के परिजनों ने भारी संख्या मैं भाग लिया।
समारोह के हिस्से के रूप में, आर्मी पब्लिक स्कूल, मथुरा के बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाए और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों से खूब सराहना मिलीं। सैनिकों के आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में, इस अवसर पर उपस्थित वीर नारियों, सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के करीबी रिश्तेदारों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा द्वारा सम्मानित किया गया। मेरी माटी मेरा देश के तहत वसुधा वंदन थीम के अनुरूप, मथुरा छावनी के सैनिकों और परिवारों द्वारा 75 पौधों का रोपण भी आयोजित किया गया था। माटी को नमन, वीरों का वंदन टैग लाइन के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान नौ से 30 अगस्त तक भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भारत में शुरू किया गया है। यह भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी मनाने और भारत की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रव्यापी लोगों के नेतृत्व वाली पहल है।

# प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा निकाली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहां में आजादी के अमृत महोत्सव व मेरी मांटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत हर्षोल्लास के साथ कस्बा चौमुहां में प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा प्रधानाचार्य रूमा देवी के निर्देशन में निकाली गयी। इसमें शिक्षक बृजेश कुमार, अजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके पश्चात 10 बटालियन के कमान अफसर राजेंद्र सिंह कर्नल के नेतृत्व में एवं प्रधानाचार्य के निर्देशन में एनसीसी कैडेट का चयन किया गया। कमान अफसर राजेंद्र सिंह द्वारा अमृत कलश में मिट्टी का योगदान दिया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेट की फिजिकल जांच, दौड़, सामान्य ज्ञान परीक्षा आदि का निरीक्षण किया गया। 11वीं के सैकड़ों छात्र-छात्राओं में से 10 छात्राओं एवं 20 छात्रों का चयन किया गया। 10 बटालियन टीम के सूबेदार यस पॉल, सूबेदार सुरेश कुमार, उत्तम, भारत भूषण, जसवीर सिंह, प्रीतम सिंह, लेफ्टिनेंट छोटे लाल आदि का चयन प्रक्रिया में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बृजेश कुमार, अजय कुमार, कृष्ण पाल, अखिलेश कुमार सिंघल, श्यामलाल, यतेंद्र कुमार, जयंत कुमार, सुभाष चंद्र मौर्य, सुरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, श्रीकांत शर्मा, गिरीश चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 13 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







